"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 13] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 9 जनवरी 2020 — पौष 19, शक 1941

समाज कल्याण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 4 जनवरी 2020

अधिसूचना

क्रमांक एफ 7-58/2018/26. — छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2019 का निम्नलिखित नियम प्रारूप, जिसे राज्य सरकार, भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए बनाना प्रस्तावित करती है, उक्त अधिनियम की धारा 101 की उपधारा (1) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार, उन समस्त व्यक्तियों, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है, की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है तथा एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप पर इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस के अवसान के पश्चात् विचार किया जायेगा :

कोई आपत्ति या सुझाव के संबंध में किसी व्यक्ति ये विनिर्दिष्ट कालावधि के पूर्व, संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़, डी. के. एस. भवन परिसर, रायपुर के कार्यालय में, कार्यालयीन समय में प्राप्त हो, पर विचार किया जायेगा ।

अध्याय-1
प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ** :-

(1) इन नियमों का संक्षित नाम **छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2019** है,

(2) इनका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य पर होगा,

2. **परिभाषाएं**:-

(1) **इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो** :-

(i) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, भारत सरकार के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016;

(ii) "दिव्यांगजन" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (द) (ध) (न) एवं (य ग) में उल्लेखित तथा तत्सम्बन्धी अनुसूची अनुसार विनिर्दिष्ट दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्ति जो दिव्यांगता प्रमाण-पत्र धारी हो;

(iii) "दिव्यांगता प्रमाण-पत्र" से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 57 के अंतर्गत प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र;

(iv) "बेंचमार्क दिव्यांगता" से अभिप्रेत है, चालीस प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाला कोई व्यक्ति;

(v) "संस्था का पंजीयन" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 50 के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्थापित या अनुरक्षित किसी संस्था हेतु जारी पंजीयन प्रमाण-पत्र;

(vi) "राज्य आयुक्त" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा 79 के अधीन नियुक्त आयुक्त निःशक्तजन छत्तीसगढ़;

(vii) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य;

(viii) "राज्य शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन;

(ix) "परिवार" से अभिप्रेत है, दिव्यांगजन के माता–पिता (जैविक/सौतेले), भाई–बहन–तृतीय लिंग (अविवाहित), पुत्र–पुत्री– तृतीय लिंग संतान (आश्रित) तथा विधिक अभिभावक;

(x) "कार्यपालक मजिस्ट्रेट" से अभिप्रेत है, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 20 अन्तर्गत नियुक्त न्यायाधीश ;

(xi) "चिकित्सा बोर्ड" से अभिप्रेत है, निःशक्त व्यक्तियों की दिव्यांगता का निर्धारण करने के लिए जिला/संभाग/राज्य स्तर पर गठित चिकित्सा बोर्ड;

(xii) "प्रारूप" से अभिप्रेत है, इन नियमों में उपाबद्ध प्रारूप,

(2) अन्य शब्द और पद, जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है, का क्रमशः वही अर्थ होगा, जो उनका अधिनियम में है।

अध्याय 2
अधिकार और हकदारियां

3. **स्थापन का दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव नहीं करना** :–

(1) स्थापन का प्रमुख/प्रभारी सुनिश्चित करेगा कि, अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के उपबंधों का, दिव्यांगजन के किसी अधिकार और उनको प्राप्त होने वाले किसी लाभ से वंचित करने के लिए दुरूपयोग नहीं करेगा,

(2) दिव्यांगजन व्यक्ति/कर्मचारी से संबंधित प्रकरणों हेतु प्रत्येक स्थापन किसी एक अधिकारी/कर्मचारी को नोडल अधिकारी नामांकित करेगा, नोडल अधिकारी को यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो वह उसका निराकरण 60 दिवस के भीतर करेगा/कराएगा,

(3) यदि शासकीय या कोई निजी स्थापन, जो बीस से अधिक व्यक्तियों को नियोजित कर रहा है, दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव के सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त करता है तो वह :–

(i) अधिनियम के उपंबधों के अनुसार कार्रवाई आरंभ करेगा, या

(ii) व्यथित व्यक्ति को लिखित में सूचित करना कि, की गई कार्यवाही समानुपातिक रूप से पर्याप्त है,

(4) यदि व्यथित व्यक्ति, यथास्थिति, राज्य आयुक्त, निःशक्तजन, छत्तीसगढ़ को शिकायत प्रस्तुत करता है तो शिकायत का निराकरण 60 दिवस की अवधि के भीतर किया जाएगा,

(5) शिकायत के निराकरण का क्रियान्वयन संबंधित शासकीय या कोई निजी स्थापन 90 दिवस की अवधि के भीतर सुनिश्चित करेगा,

(6) अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (2) के उपबंधों का, अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले दिव्यांगजन महिला एवं बालक को उनको प्रभावित करने वाले सभी विषयों पर अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करने का किसी समान आधार पर अधिकार होगा एवं उनकी आयु और दिव्यांगता को दृष्टि में रखते हुए समुचित सहायता प्रदान की जाएगी,

(7) प्रत्येक स्थापन को प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाले शिकायत के निराकरण तथा लंबित आदि की जानकारी नोडल अधिकारी राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को उपलब्ध कराएगा,

4. **दिव्यांगता अनुसंधान के लिए राज्य समिति** :–

(1) अधिनियम 2016 की धारा 6 की उपधारा (2) का खण्ड (ii) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के आधार पर दिव्यांगता अनुसंधान के लिए समिति का गठन किया जाता है, जो कि राज्य के दिव्यांगजन के लिए उपयोगी अनुसंधान कराएगी। राज्य समिति निम्नलिखित व्यक्तियों से मिलकर बनेगी, अर्थात :–

(i)	विज्ञान या मेडिकल (दिव्यांगता या दिव्यांगता से संबंधित) अनुसंधान के क्षेत्र में वृहद अनुभव रखने वाले व्यक्ति को राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जावेगा	– अध्यक्ष
(ii)	आयुक्त–सह–संचालक, तकनीकी शिक्षा, संचालनालय, छ.ग.	– सदस्य
(iii)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, छ.ग.	– सदस्य/सचिव
(iv)	संचालक, महिला एवं बाल विकास, संचालनालय, छ.ग.	– सदस्य
(v)	संचालक, चिकित्सा शिक्षा, संचालनालय, छ.ग.	– सदस्य
(vi)	कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छ.ग.	– सदस्य
(vii)	विभागाध्यक्ष, पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (विषय विशेषज्ञ दृष्टि एवं श्रवण बाधित)	– सदस्य
(viii)	विभागाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर	– सदस्य
(ix)	अधिनियम में उल्लेखित 05 पृथक–पृथक दिव्यांगताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय/राज्य संस्थानों के पांच व्यक्ति,	– सदस्य
(x)	दिव्यांगता के क्षेत्र में अनुदानित स्वैच्छिक संस्थाओं (समाज कल्याण विभाग से) प्रतिनिधि के रूप में पांच व्यक्ति, जो अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं के पांच समूहों का प्रतिनिधित्व करेंगे,	– सदस्य

(i), (ix) तथा (x) के अशासकीय सदस्यों का राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा परन्तु उक्त स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी।

(2) समिति दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत राज्य अथवा राज्य से बाहर के किसी विशेषज्ञ को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित कर सकेगा,

(3) नामनिर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि, नामांकन आदेश दिनांक से तीन वर्ष की होगी और नामनिर्दिष्ट सदस्य एक और पदावधि के लिए पुनः नामनिर्देशन के लिए पात्र होंगे,

(4) राज्य शासन यदि वह ठीक समझे तो किसी नाम निर्देशित सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसे उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात हटा सकेगी,

(5) समिति की बैठक की सूचना 15 दिवस पूर्व समिति के सदस्यों को दिया जाना अनिवार्य होगा,

(6) समिति के एक तिहाई सदस्य बैठकों की गणपूर्ति कर सकेंगे, परन्तु गणपूर्ति नहीं होने पर न्यूनतम 30 मिनट तक के लिए बैठक स्थगित किए जाने की स्थिति में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी,

(7) समिति आवश्यकतानुसार दिव्यांगजन के स्वास्थ्य, तकनीकी, शिक्षा एवं उनके स्वरोजगार और पुनर्वास हेतु पृथक–पृथक उप समितियों का गठन करेगी, जो कि 30 दिवस के समयान्तराल में बैठक आयोजित करते हुए एक वर्ष के भीतर यह शोध कार्य पूर्ण कर समिति को प्रस्तुत करेगी,

(8) शोध/अनुसंधान के लिए किसी भी विशेषज्ञ व्यक्ति या संस्था को अनुबंधित कर इस अनुसंधान कार्य हेतु अधिकतम राशि रूपयें 5 लाख प्रतिशोध तक व्यय प्रतिवर्ष किया जा सकेगा,

(9) समिति द्वारा पारित निर्णय/आदेश के विरूद्ध सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को 60 कार्य दिवस के भीतर अपील की जा सकेगी, अपीलीय अधिकारी का निर्णय अंतिम व मान्य होगा,

(10) स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित "वित्त–निर्देश" अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के अध्यक्ष/सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते की पात्रता अध्यक्ष को अध्यक्ष की दर से तथा सदस्य को सदस्य की दर से होगी,

(11) कण्डिका (ix) तथा (x) में विनिर्दिष्ट अनुसार समिति के अशासकीय अध्यक्ष/सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते की राशि का भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि से या शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश अनुसार किया जावेगा,

(12) राज्य शासन समिति को उतने लिपिकीय और अन्य मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी, जैसा राज्य शासन आवश्यक समझे,

5. **समिति के गठन में किसी कमी के दौरान कोई कार्यवाही अविधि मान्य नही होगी** :–

समिति की कोई भी कार्यवाही केवल किसी रिक्ति के विद्यमान होने या समिति के संगठन की किसी कमी जैसे कारणों से अविधिमान्य नही होगी,

6. **दिव्यांगजन अनुसंधान का विषय नहीं होगा** :–

कोई दिव्यांगजन किसी अनुसंधान का विषय तब नहीं होगा जबकि अनुसंधान का उसके शरीर पर भौतिक या मानसिक प्रभाव पड़ता हो,

7. **कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया** :–

अधिनियम की धारा 7 के अधीन परिवादों पर कार्यवाही करने के प्रयोजन के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 133 से धारा 143 में उपबंधित प्रक्रिया का अनुसरण करेंगे।

8. **संरक्षण और सुरक्षा** :–

(1) अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन दिव्यांगजन व्यक्तियों को जोखिम, सशस्त्र संघर्ष, मानवीय आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं की दशा में समान संरक्षण और सुरक्षा प्रदान की जायेगी,

(2) अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (2) के अधीन राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपने आपदा कार्यकलाप जैसे कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 (2005 की 53) की धारा 2 के खण्ड (ड.) के अधीन परिभाषित अनुसार दिव्यांगजन व्यक्तियों को भी सम्मिलित किया जाना होगा,

(3) अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (3) के अधीन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) की धारा 25 के अधीन गठित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिले में दिव्यांग व्यक्तियों के ब्यौरे का उल्लेख रखेगा और ऐसे व्यक्तियों को जोखिम/आपदा की किन्ही स्थितियों में सूचित करते हुए, उन्हें आपदा की स्थिति में समुचित पुनर्वास/यथोचित व्यवस्था उपलब्ध कराएगा,

(4) राज्य स्तर पर संचालक, समाज कल्याण तथा जिला स्तर पर संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण के समन्वय एवं संपर्क में दिव्यांगजन के संबंध में आपदा पुनर्वास से संबंधित आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की जावेंगी,

(5) आपदा की स्थिति में राहत कार्य हेतु उपयोग में लाई जाने वाली सामग्रियों में बाधारहित सामग्री एवं संसाधनों का होना अनिवार्य है। आपदा प्रबंधन दल में से श्रवण बाधितों के लिए साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) का सम्प्रेषित एवं उपयोग करने वाला व्यक्ति तथा आवश्यक दिव्यांगता को सूचित करने वाले चिन्ह/मार्क सहित संसूचना प्रदर्शित होना चाहिए,

(6) नियम 8 (1) (2) (3) एवं (5) में प्रावधानित कार्यवाही के लिए **राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नोडल विभाग** होगा,

9. **गृह और कुटुम्ब** :–

(1) अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 1 के अधीन किसी दिव्यांग बालिका/बालक/व्यक्ति को बिना सक्षम न्यायालय के आदेश के, जब तक यह सुनिश्चित न हो जाये, कि दिव्यांग बालिका/बालक/व्यक्ति के सर्वोत्तम हित में अपेक्षित हो, उसके अभिभावकों से दिव्यांगता के आधार पर पृथक नही किया जावेगा,

(2) ऐसे परिवार जो 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग बालक/बालिका/तृतीय लिंग की देखरेख करने में असमर्थ हैं तो बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुरूप) ऐसे बालक को उसके निकटतम परिवार के पास रखेगा और ऐसा न हो पाने पर कुटुम्ब परिवेश में, समुदाय में या आपवादिक दशाओं में, यथा अपेक्षित किशोर न्याय अधिनियम एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अधीन शासकीय/स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे बालगृह में रखा जावेगा,

(3) ऐसे परिवार जो 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजन की देखरेख करने में असमर्थ हैं, तो राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के अनुरूप या अन्य स्थिति में, अनुविभागीय दण्डाधिकारी के न्यायालय द्वारा ऐसे दिव्यांगजन को उसके नजदीकी परिवार के पास रखेगा और ऐसा न हो पाने पर कुटुम्ब परिवेश में, समुदाय में या आपवादिक दशाओं में, यथा अपेक्षित दिव्यांगजन अधिकार

अधिनियम के अधीन शासकीय/स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे गृहो में रखे जाने हेतु निर्णय/अनुमति देगा,

(4) उप नियम (2) एवं (3) का निर्णय, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 को प्रभावित नही करेगा,

10. **प्रजनन का अधिकार** :–

(1) दिव्यांगजन व्यक्तियों को प्रजनन एवं परिवार नियोजन के सम्बन्ध में कार्यरत मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों आदि के द्वारा सूचना सहित जागरूक किया जाएगा,

(2) रक्त विकृति तथा आनुवांशिक विकार से होने वाली दिव्यांगताओं से विवाह पूर्व परामर्श दिया जाए,

(3) दिव्यांगजन के प्रजनन एवं परिवार नियोजन के सम्बन्ध में यदि कोई प्रकरण प्रकाश में आता है कि गर्भ धारण/बच्चे को जन्म देने से दिव्यांग महिला को जन्म लेने वाले शिशु के स्वास्थ्यगत एवं परवरिश के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या या जोखिम में होने की स्थिति में जिला स्तर पर **"परीक्षण और सुझाव समिति"** का गठन किया जाता है :–

(i) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग – अध्यक्ष

(ii) जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग – सदस्य

(iii) संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण – प्रस्तुतकर्ता

समिति परीक्षण कर 03 दिवस में कलेक्टर को प्रतिवेदन देगी। जिला कलेक्टर 07 दिवस के भीतर उचित निर्णय लेंगे। कलेक्टर के निर्णय के विरूद्ध संभागायुक्त को 07 दिवस के भीतर अपील की जा सकेगी, जिस पर संभागायुक्त द्वारा आगामी 07 दिवस के अन्दर अंतिम निर्णय लेकर निराकरण किया जाएगा,

(4) नियम 10 (1) एवं (2) में प्रावधानित कार्यवाही के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नोडल विभाग** होगा,

11. **मतदान केन्द्रों में पहुंच** :– अधिनियम की धारा 11 के अधीन लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय, पंचायती राज, सहकारिता व अन्य समस्त निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बन्धित दिव्यांगजन के लिये सभी मतदान केन्द्रों, प्रक्रिया को सुगम्य, बाधारहित एवं सुगम्यता में हो तथा सामग्री उनके लिये सहजता से समझने योग्य व पहुंच में हो, यह व्यवस्था सम्बन्धित राज्य और जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे,

12. **न्याय तक पहुंच** :–

(1) अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन दिव्यांगता के आधार पर न्याय उपलब्ध कराया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (3) के अन्तर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण, 1987 (1987 का सं. 39) के अधीन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दिव्यांग व्यक्तियों को राज्य/केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजनाएं, कार्यक्रम या अन्य जो सुविधाएं उन्हें लाभ के उद्देश्य से प्रदाय की जा रही है उनको विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाएगा,

(3) समस्त न्यायालयो, बोर्ड एवं आयोग में दिव्यांगजन के प्रकरणों की सुनवाई क्रम में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी तथा परिसर कें अंदर दिव्यांगजन हेतु बाधारहित व्यवस्था कराया जाएगा,

(4) राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का दायित्व होगा कि, राज्य/जिला स्तर पर साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) से प्रशिक्षित या जानकार शासकीय/निजी अधिवक्ता की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा,

(5) राज्य शासन के समस्त विभाग की वेबसाईट के अतिरिक्त दिव्यांगजन से सम्बन्धित रजिस्ट्री/साक्ष्य दस्तावेज/फाईल आदि को दिव्यांगजन के अनुकूल सुगम/पढ़ने योग्य किया जावेगा,

13. **संरक्षकता के लिए उपबंध** :–

(1) अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (2) के अधीन संरक्षकता के लिए कार्यवाही करने के प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय न्यास (स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क अंगाघात, मानसिक मंदता एवं बहु दिव्यांगता ग्रस्त व्यक्ति कल्याण) अधिनियम 1999 में उपबंधित प्रक्रिया का अनुसरण करेगा,

(2) दिव्यांग महिला के प्रकरण में विधिक संरक्षक नियुक्ति के लिए महिला को प्राथमिकता होगी,

14. **सामाजिक जागरूकता** :–

अधिनियम की धारा 15 के अधीन छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजन तथा जन सामान्य में दिव्यांगजन के प्रति सामाजिक जागरूकता विकसित करने हेतु समय–समय पर जारी दिशा निर्देशो के अनुरूप नोडल अधिकारी पदाभिहित करेगा,

अध्याय–3
शिक्षा

15. **शिक्षा संस्थानों का कर्तव्य** :–

(1) राज्य में संबंधित विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण केन्द्रों को दिव्यांगजन हेतु ***समावेशी शिक्षा*** की तरह विकसित कर इस हेतु संबंधित विभाग समुचित निर्देश के माध्यम से विभागीय जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारी प्राधिकृत करेगा,

(2) राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि, किसी दिव्यांग विद्यार्थी को शासकीय/अशासकीय मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लेने तथा दिव्यांगता के आधार पर शिक्षा ग्रहण करने से वंचित नही करेगा,

(3) दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क एवं बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के प्रयोजन हेतु दिव्यांग बच्चों को समेकित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी,

(4) यदि उपनियम (2) एवं (3) के अनुसार सुविधाएं प्राप्त नही होती है तो, दिव्यांग विद्यार्थी संबंधित जिले के विभागीय जिला/नोडल अधिकारी को शिकायत करेगा,

(5) शिकायत प्राप्त होने के 15 कार्य दिवस में जिला/नोडल अधिकारी द्वारा निर्णय लिया जाएगा,

(6) जिला/नोडल अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध संबंधित विभागीय आयुक्त/संचालक को अपील किया जा सकेगा, अपील प्राप्त होने के 7 कार्य दिवस में शिकायत का निराकरण किया जाएगा,

(7) उपनियम (6) के निर्णय की अवमानना पर राज्य सरकार, शासकीय शिक्षण संस्थान की स्थिति में संबंधित प्राचार्य/कार्यालय प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सकेगी,

(8) अशासकीय मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था की स्थिति में संस्थान की मान्यता समाप्त कर सकेगी, इसका पालन सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार समुचित निर्देश जारी करके विभागीय जिला/नोडल अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकेगी,

(9) समस्त शासकीय/अशासकीय शिक्षण संस्थान का भवन दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम्य हो, यदि किसी शिक्षण संस्था का भवन दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम्य नही है तो संबंधित विभाग ऐसे भवनो को अधिकतम 3 वर्ष में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सुगम्य बनावें,

(10) संबंधित विभाग द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों/प्रशिक्षणार्थियों के लिए दिव्यांगता अनुसार पाठ्यक्रम का निर्धारण, परीक्षाओं हेतु अतिरिक्त समय, तथा सहायक की उपलब्धतता सुनिश्चित करने हेतु अधिनियम के प्रावधान अनुरूप समुचित दिशा निर्देश निर्गमित करेगा,

(11) नोडल अधिकारी द्वारा, संस्था में अध्ययनरत् दिव्यांग विद्यार्थियों की जानकारी दिव्यांगजन व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 में परिभाषित दिव्यांगता के आधार पर दी जावे,

(12) नोडल अधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायत का निराकरण व काऊसिलिंग किया जायेगा, संस्थान में शिक्षण/प्रशिक्षणरत् दिव्यांगजन की जानकारी जिला स्तर पर संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण को शिक्षा सत्र प्रारंभ एवं समापन के 15 कार्य दिवस में अनिवार्य रूप से दिया जाएगा,

(13) राज्य शासन के समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त संस्थाओं द्वारा संचालित छात्रावासों की स्वीकृत अन्तःवासी संख्या का 15 प्रतिशत स्थान दिव्यांगजन विद्यार्थियों/प्रशिक्षणार्थियों हेतु आरक्षित रखा जाएगा, इस हेतु संबंधित विभाग दिशा निर्देश निर्गमित करेगा,

(14) प्रारंभिक स्तर पर प्रत्येक जिले के अन्तर्गत क्रमशः जनपद पंचायत/जिला मुख्यालय में किसी एक अथवा आवश्यकतानुसार एक से अधिक विद्यालय/महाविद्यालय एवं कौशल विकास केन्द्र को समावेशी शिक्षा/रोजगार के मॉडल के रूप में विकसित किया जाना अनिवार्य है,

16. <u>सम्मिलित शिक्षा को संवर्धित करने और सुकर बनाने के लिए विनिर्दिष्ट उपाय</u> :–

(1) छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग का दायित्व होगा कि, राज्य के 06 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले दिव्यांग बालकों की पहचान करेंगे तथा पहला सर्वेक्षण अधिनियम प्रवृत्त होने के दिनांक से 02 वर्ष की अवधि के भीतर कराया जाएगा,

(2) राज्य के 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की दिव्यांगता की शीघ्र पहचान हेतु सर्वेक्षण एवं पहचान के बाद आगामी कार्यवाही हेतु हस्तांतरित किया जाना होगा जिसका दायित्व महिला एवं बाल विकास विभाग का होगा,

(3) बच्चों में दिव्यांगता की रोकथाम एवं उपचार के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभिभावकों का प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग कराया जाएगा, इस हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों के मानव संसाधनों के प्रशिक्षण का दायित्व भारसाधक विभाग का होगा,

(4) किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार संचालित गृहों के दिव्यांगजन अंतःवासियों को अधिनियम के अनुरूप सुविधाएं एवं संसाधन प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग होगा,

अध्याय–4
कौशल विकास और नियोजन

17. **व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वनियोजन** :–

(1) अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (1) के अधीन दिव्यांगजन को व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा संचालित एवं अनुदानित आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों को दिव्यांगजन की सुविधा के अनुरूप प्रशिक्षण को विकसित किया जायेगा,

(2) दिव्यांगजन को व्यावसायिक प्रशिक्षण से लाभान्वित करने हेतु पृथक यूनिट कॉस्ट एवं बैच साईज का निर्धारण भी किया जाना होगा तथा दिव्यांगजन की दिव्यांगता के आधार पर विशेष शिक्षक (दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, अस्थि बाधित में प्रशिक्षित) का होना यथा संभव सुनिश्चित किया जाएगा,

(3) दिव्यांगजन को स्वरोजगार हेतु रियायती दरों पर ऋण प्रदान करने का दायित्व छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य ऋण प्रदाय करने वाले सम्बन्धित विभागों का होगा,

18. **समान अवसर नीति के प्रकाशन की नीति** :–

(1) प्रत्येक स्थापन, दिव्यांगजन के लिए, अधिनियम की धारा 2 में प्रावधानित परिभाषा/दिव्यांगता के प्रकार के अनुरूप समान अवसर नीति का प्रकाशन करेगा,

(2) स्थापन द्वारा बनाई गई समान अवसर नीति अधिमानता से अपनी वेबसाईट पर प्रदर्षित करेगा, यदि वेबसाईट नही हो तब वह उनके परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्षित करेगा,

(3) बीस कर्मचारी या उससे अधिक कर्मचारी रखने वाले शासकीय और निजी स्थापन की सामान अवसर नीति में अन्य बातों के साथ निम्नलिखित उपबंध भी अंतर्विष्ट होंगे, अर्थात :–

(i) दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाएं और प्रसुविधाएं जो उन्हे स्थापन से अपने कर्तव्यों का प्रभावी रूप से निर्वहन करने में समर्थ कर सके,

(ii) स्थापन में दिव्यांगजन के लिए पहचाने गए समुचित पदों की सूची,

(iii) विभिन्न पदों के लिये दिव्यांगजन के चयन की रीति, भर्ती के पश्चात् और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण, स्थानांतरण, पद स्थापन, विशेष अवकाश, आवासों के आबंटन तथा अन्य सुविधाओं में वरीयता दी जायेगी,

(iv) नियुक्त किये गये दिव्यांगजन की देखभाल के लिए, सहायक युक्तियों, बाधामुक्त पहुंच तथा अन्य उपबंधों का लाभ प्रदान करने हेतु समस्त स्थापन नोडल अधिकारी नामांकित करेगा,

(v) नोडल अधिकारी ऐसे कर्मचारियों के लिए सुविधाओं और प्रसुविधाओं की जांच करेगा,

(4) बीस से कम कर्मचारियों वाले निजी स्थापन में समान अवसर नीति में दिव्यांगजन को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं और प्रसुविधाएं अंतर्विष्ट होगी ताकि वह स्थापना में अपने कर्तव्यों का प्रभावी रूप से निर्वहन करने में समर्थ हो सके,

(5) प्रत्येक स्थापन प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाले शिकायत के निराकरण तथा लंबित आदि की जानकारी नोडल अधिकारी राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को उपलब्ध कराएगा,

19. **स्थापन द्वारा अभिलेखों के रखरखाव की रीति** :–

(1) प्रत्येक स्थापन, हार्ड और सॉफ्ट प्रतियों में अभिलेखों को रखेगा, जिसमें रजिस्टर के रूप में या कम्प्यूटर या टैब या किसी अन्य इलेक्ट्रानिकी प्रारूप में या किसी भी प्रकार की लिखित सूचना सम्मिलित है, चाहे वह साधारण या मशीनी भाषा में अभिव्यक्त हो और ऐसे अन्य दस्तावेज, जो इन नियमों के प्रयोजनों के लिए उपयोगी हो सकते हो,

(2) प्रत्येक स्थापन निम्नलिखित विशिष्टियों को अंतर्विष्ट करने वाले अभिलेख रखेगा, जिसे प्रत्येक वर्ष माह–जनवरी में समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराएगा, अर्थात :–

(i) दिव्यांगजन की संख्या, जो नियोजित है तथा वह दिनांक जिससे वे नियोजित है,

(ii) ऐसे नियोजित व्यक्तियों का नाम, लिंग पदनाम, श्रेणी और पता,

(iii) ऐसे नियोजित व्यक्तियों की दिव्यांगता का प्रकार, (दिव्यांगजन के लिए विशिष्ट पहचान–पत्र संख्या सहित),

(iv) ऐसे नियोजित दिव्यांगजन द्वारा किए जाने वाले कार्य की प्रकृति,

(v) ऐसे दिव्यांगजन को उपलब्ध कराई जाने वाली विशिष्ट सुविधाएं,

(3) प्रत्येक स्थापन, प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा यथा अपेक्षित किये गये अभिलेखों का सत्यापन करेगी,

20. **अभिलेखों का निरीक्षण** :–

(1) प्रत्येक स्थापन समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग एवं कलेक्टर द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा मांग किए जाने पर इन निमयों के अधीन रखे गए अभिलेखों को निरीक्षण के लिए इस अधिनियम के अधीन नियुक्त प्राधिकारियों को उपलब्ध कराएगा तथा ऐसी सूचना प्रदान करेगा, जो यह जानने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित हो कि, क्या उपबंधों का अनुपालन किया जा रहा है या नही ?

(2) निरीक्षण के समय संबंधित विभाग द्वारा यदि अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन नही किया जा रहा है तो, जांचकर्ता प्राधिकारी द्वारा जिला स्तर पर कलेक्टर तथा राज्य स्तर पर संबंधित विभाग को जांच के समय पायी गई कमियो का पालन कराये जाने हेतु लिखित में सूचित करेगा,

21. **शिकायत प्रतितोष अधिकारी की नियुक्ति** :–

(1) प्रत्येक शासकीय स्थापन राजपत्रित अधिकारी के स्तर से अन्यून अधिकारी को "शिकायत प्रतितोष अधिकारी" के रूप में इस नियम के प्रवृत्त होने के छः माह के अन्दर नियुक्त करेगा,

(2) शिकायत प्रतितोष अधिकारी को प्राप्त शिकायत का निराकरण 90 दिवस के भीतर किया जाना होगा, शिकायत का निराकरण नही करने की स्थिति में कारण बताया जाएगा तथा प्राप्त शिकायतों के अद्यतन जानकारी से राज्य आयुक्त, निःशक्तजन को सूचना देगा,

(3) शिकायत प्रतितोष अधिकारी की नियुक्ति तथा शिकायत प्रतितोष अधिकारी को प्राप्त शिकायत तथा शिकायत के निराकरण की जानकारी राज्य आयुक्त, निःशक्तजन को सूचना देगा,

(4) समस्त विभाग अपनी वेबसाईट पर नियुक्त/नामांकित "शिकायत प्रतितोष अधिकारी" की जानकारी प्रदर्षित करेगा, यदि वेबसाईट नही हो तब वह उनके परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्षित करेगा,

(5) शिकायत प्रतितोष अधिकारी इस प्रयोजन के लिए शिकायतों का एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नानुसार प्रविष्टियां रखेगा :–

(i) शिकायत दर्ज करने का दिनांक,
(ii) शिकायतकर्ता का नाम,
(iii) उस व्यक्ति का नाम, जो शिकायत की जांच कर रहा है,
(iv) घटना का स्थान,
(v) स्थापन/संस्था या व्यक्ति का नाम, जिसके विरूद्ध शिकायत की गई है,
(vi) शिकायत का सारांश,
(vii) अभिलेखीय साक्ष्य, यदि कोई हो,
(viii) शिकायत प्रतितोष अधिकारी द्वारा निराकरण का दिनांक,
(ix) जिला स्तरीय समिति द्वारा अपील के निराकरण के सक्षिप्त का विवरण,
(x) कोई अन्य सूचना,

(6) यदि शिकायत पर "शिकायत प्रतितोष अधिकारी" द्वारा की गई कार्यवाही से समाधान नही होता है, तो वह निःशक्तता पर गठित जिला स्तरीय समिति के पास अपील कर सकता है, यह समिति निम्नांकित अनुसार होगी :–

(i) कलेक्टर द्वारा नामित प्रतिनिधि – अध्यक्ष
(ii) सहायक आयुक्त अथवा श्रम अधिकारी श्रम विभाग – सदस्य
(iii) संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण विभाग – सदस्य/सचिव

अध्याय 5
सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास

22. सामाजिक सुरक्षा हेतु :–

राज्य शासन द्वारा संचालित समस्त योजना/कार्यक्रमों से दिव्यांग व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जावेगा.

23. स्वास्थ्य देख रेख :–

(1) लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय चिकित्सालयों में दिव्यांगजन का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार, डायग्नोसिस, थैरेपी एवं दिव्यांगजन को पृथक पंक्ति की सुविधा प्रदान करने हेतु निर्देश बनाकर छः माह के अन्दर अधिसूचित किया जायेगा.

(2) राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में बाधारहित वातावरण हेतु समस्त दृष्टि से संसूचना प्रदर्शित होना चाहिए.

(3) सभी निजी चिकित्सालयों को छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट 2015 के अन्तर्गत लायसेंस देने से पहले उपनियम (02) में उल्लेखित बाधारहित सुविधाओं का होना अनिवार्य किया जावे। जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नोडल अधिकारी होगे.

(4) संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय की अध्यक्षता में दिव्यांगजन का सर्वेक्षण, शोध कार्य पर चर्चा पश्चात क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु निम्नांकित समिति का गठन किया जावेगा :–

(i) संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, संचालनालय – अध्यक्ष
(ii) विभागाध्यक्ष, समुदाय, पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर (छ.ग.) – सदस्य
(iii) अपर संचालक/संयुक्त संचालक, समाज कल्याण संचालनालय – सदस्य
(iv) उप संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं – सदस्य सचिव

उक्त समिति में अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ को सदस्य मनोनीत करने के लिए संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं/समाज कल्याण संचालनालय से आग्रह किया जा सकता है।

(5) लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा षिक्षा विभाग द्वारा निःशक्तजनों की समुचित थैरेपी हेतु जिला मुख्यालय या अवश्यकता होने पर जनपद पंचायत मुख्यालय में समस्त व्यवस्था की जा सकती है, यह नियम प्रवृत्त होने के 02 वर्ष के अन्दर उक्त व्यवस्था अनिवार्य होगी.

(6) वामपंथ अतिवाद प्रभावित क्षेत्रों के दिव्यांगजन (40 प्रतिषत/उससे अधिक) के पुनर्वास हेतु समाज कल्याण विभाग योजना बनाएगा.

(7) लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग वार्षिक/प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांग तावार सर्वे, चिकित्सा प्रमाण–पत्र (यू.डी.आई.डी. कार्ड सहित), प्रदाय की गई सुविधा, संख्या प्रतिवर्ष दर्शित की जाएगी.

24. **पुनर्वास** :–

राज्य शासन के समस्त विभाग अन्तर्गत संचालित योजना/कार्यक्रमों में दिव्यांगजन व्यक्तियों के पुनर्वास से संबंधित विशेष प्रावधान करते हुए विभागीय वार्षिक/ प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगतावार प्रदाय की गई सुविधा की संख्या प्रतिवर्ष दर्शित की जाएगी,

25. **अनुसंधान एवं विकास** :– राज्य शासन राज्य स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को सुगम्य, सरल और स्वावलम्बी बनाने के लिये निम्नांकित समिति गठित करेगा :–

(1)	संचालक, समाज कल्याण, संचालनालय	– अध्यक्ष
(2)	संचालक, पंचायत संचालनालय	– सदस्य
(3)	संचालक, नगरीय प्रशासन	– सदस्य
(4)	संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय	– सदस्य
(5)	संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण	– सदस्य
(6)	संयुक्त संचालक, राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केन्द्र	– सदस्य सचिव

उक्त समिति में अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ सदस्य हेतु संचालक, समाज कल्याण संचालनालय से आग्रह करने पर सम्मिलित किया जा सकेगा,

अध्याय 6
बैंचमार्क निःशक्त व्यक्तियों के लिए विशेष उपबंध

26. **आरक्षण के लिये पदों की पहचान** :–

(1) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समस्त सरकारी स्थापनो में दिव्यांग व्यक्तियों के अनुरूप पदो का चिन्हांकन करने हेतु समिति का गठन किया जावेगा, यह समिति समय–समय पर जारी निर्देशो के अनुरूप एक वर्ष के भीतर पदों की विभागवार एवं पदवार पहचान करेगी,

(2) उक्त समिति तीन वर्ष के भीतर चिन्हांकित किये गये पदों का मूल्यांकन भी करेगी,

27. **रोजगार हेतु आरक्षणः–**

(1) प्रत्येक सरकारी स्थापन में दिव्यांगजन के नियोजन हेतु छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश अनुसार आरक्षण रहेगा, यह अधिनियम में दर्शायें गए आरक्षण के प्रतिशत से कम न हो। आरक्षण निम्न प्रवर्गो के लिए रहेगा :–

(i) दृष्टिबाधित और कमदृष्टि,
(ii) बहरे और कम सुनने वाले,.
(iii) लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्क्युलर डिस्ट्राफी,
(iv) ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी,
(v) खंड (i) से (iv) के तहत व्यक्तियों की बहुदिव्यांगता।

(2) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए समस्त विभागों को विस्तृत अनुदेश जारी करेगा।

28. **रिक्तियों की संगणना** :–

(1) रिक्तियों की संगणना के प्रयोजन के लिए पदों के प्रत्येक समूह में कैडर संख्या में कुल रिक्तियों को छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए गणना में लिया जाएगा,

(2) अधिनियम की धारा 34 के उपबंधों के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगता का प्रकार नियम 27 (1) के अनुसार होगा,

(3) प्रत्येक शासकीय स्थापन/संस्था दिव्यांगजन के लिए कैडर संख्या में रिक्तियों की संगणना करने के प्रयोजनों के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशो के अनुसार एक रिक्ति आधारित रोस्टर रखेगा,

(4) रिक्तियों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी करते समय प्रत्येक शासकीय स्थापन प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या के साथ अधिनियम की धारा 34 के उपबंधों के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगजन ताओं को उपदर्शित करेगा, साथ ही विज्ञापन प्रसारण तथा पदपूर्ति की अद्यतन जानकारी नोडल विभाग (समाज कल्याण विभाग) को निर्धारित प्रारूप मे उपलब्ध कराएगा,

(5) अधिनियम की धारा 4 के उपबंधों के अनुसार दिव्यांगजन के लिए आरक्षण समस्तर (होरिजेण्टल) और प्रभागवार (कम्पार्टमेंटवाइज) होगा, बैंचमार्क दिव्यांगताओं वाले व्यक्तियों के लिए रिक्तियों को पृथक वर्ग के रूप में अनुरक्षित किया जाएगा,

(6) छ.ग शासन, सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिये समस्त विभागों को विस्तृत अनुदेश जारी करेगा,

(7) नियम 26, 27 एवं 28 में प्रावधानित कार्यवाही के लिए **सामान्य प्रशासन विभाग नोडल विभाग** होगा जो प्रतिवर्ष कार्यो का मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण करेगा, राज्य शासन के समस्त विभागों/उपक्रमों/निगम/मण्डल द्वारा निर्मित वार्षिक/प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांगजन व्यक्तियों को शासकीय सेवा में नियुक्ति की पदवार संख्या प्रतिवर्ष दर्शित की जाएगी,

29. **रिक्तियों का अंतर–परितर्वन** :–

(1) शासकीय स्थापन अधिनियम की धारा 34 के उपबंधों में रिक्तियों का अंतर–परिवर्तन केवल तब करेगा जब भर्ती की सम्यक प्रक्रिया जैसे बैंचमार्क दिव्यांगताओं वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए विज्ञापन जारी करने का अनुसरण किया गया है और भर्ती प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात् कोई समुचित दिव्यांगजन अभ्यार्थी नहीं है,

(2) उक्त स्थिति के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग प्रसारित दिशा–निर्देश एवं इस सम्बन्ध में गठित समिति के माध्यम से ही रिक्तियों का अन्तर परिवर्तन किया जाए,

30. **विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना** :–

(1) प्रत्येक शासकीय स्थापन स्थानीय विशेष रोजगार एक्सचेंज को प्रारूप दिव्यांग जन नियोक्ता विवरणी प्रारूप–1 छह मास में 01 अप्रैल से 31 मार्च के लिए एक बार तथा प्रारूप–2 में प्रत्येक दो वर्ष में एक बार विवरणियां प्रस्तुत करेगा,

(2) छमाही विवरणी को सम्बन्धित दिनांक से 30 दिन के भीतर अर्थात् प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 31 मार्च और 30 सितम्बर की स्थिति में,

(3) द्विवार्षिक विवरणी को प्रत्येक एकांतर वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 30 दिन के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा,

31. **नियोक्ता द्वारा अभिलेख को रखे जाने का प्रारूप** :– शासकीय स्थापन/संस्था का प्रत्येक नियोक्ता प्रारूप–3 में दिव्यांगजन कर्मचारियों के अभिलेख रखेगा,

32. **निजी क्षेत्र में नियोजको को प्रोत्साहन** :–

शासन के समस्त विभाग से अनुज्ञाधारक निजी क्षेत्रों के नियोजकों, जिन्होंने कुल मानव संसाधनों में से कम से कम 5 प्रतिशत तक दिव्यांगजन का नियोजन किया है, को प्रोत्साहन (इन्सेन्टिव) देने के लिये 1 वर्ष के भीतर कार्य योजना बनाकर अनुदेश जारी करेगा,

33. **विशेष रोजगार कार्यालय** :– अधिनियम की धारा 36 के अधीन विशेष रोजगार कार्यालय जिनकों रिक्तियां अधिसूचित की जानी है –

(1) राज्य शासन के अधीन स्थापन/संस्थाओं में तकनीकी और वैज्ञानिक स्वरूप के पदों की ऐसी रिक्तियां जो अधिनियम के अधीन है उन्हें विशेष रोजगार कार्यालय द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा,

(2) उप नियम (1) में विनिर्दिष्ट रिक्तियों में भिन्न रिक्तियां सम्बन्धित स्थानीय विशेष रोजगार कार्यालयो में अधिसूचित की जावेगी,

(3) जिला अन्तर्गत संचालित जिला रोजगार कार्यालय ऐसे दिव्यांगजन व्यक्तियों के समस्त अभिलेख कार्यालय में रखेंगे जो बेरोजगार है तथा रोजगार हेतु प्रयासरत् है तथा ऐसे दिव्यांगजन के लिए विशेष रूप से कार्यालय में किसी एक अधिकारी/कर्मचारी को नोडल नियुक्त करेगा,

(4) नियम 33 के उपनियम (1) (2) एवं (3) प्रावधानित कार्यवाही के लिए **कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नोडल विभाग होगा,**

अध्याय –7

अधिक सहारे की आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष उपबंध

34. **अधिक सहारे वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिये विशेष प्रबंध :–**

(1) अधिनियम की धारा 38 की उपधारा 1 के अधीन ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो स्वयं को अधिक सहारे की आवश्यकता वाले समझता है, ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों को अधिक सहारा प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण, छत्तीसगढ़ को प्राधिकारी अधिसूचित करेगा,

(2) अधिनियम की धारा 38 की उपधारा 2 के अधीन संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो अधिक सहारे की आवश्यकता वाले हों, ऐसे विशेष प्रकरणों की प्रकृति को प्रमाणित करने के लिए जिला स्तर पर **निर्धारण बोर्ड** का गठन निम्नानुसार किया जाता है :–

(i)	कलेक्टर या प्रतिनिधि (अतिरिक्त/संयुक्त कलेक्टर से अन्यून)	– अध्यक्ष
(ii)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	– सदस्य
(iii)	संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण	– सदस्य/सचिव
(iv)	सामाजिक कार्यकर्ता अथवा मनोवैज्ञानिक	– सदस्य

परन्तु उक्त प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी। प्रकरण का निराकरण 60 दिवस के भीतर किया जाना होगा।

(3) **जिला स्तरीय निर्धारण बोर्ड के आदेश के विरूद्ध अपील :–**

नियम 34 का उपनियम–2 अनुसार गठित निर्धारण बोर्ड के निर्णय के विरूद्ध अपील हेतु संभाग स्तर पर अपील बोर्ड का गठन निम्नानुसार किया जाता है :–

(i)	संभागीय आयुक्त या उनका प्रतिनिधि	– अध्यक्ष
(ii)	संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य विभाग	– सदस्य
(iii)	संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण	– सदस्य/सचिव
(iv)	सामाजिक कार्यकर्ता अथवा मनोवैज्ञानिक	– सदस्य

परन्तु उक्त प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी, कण्डिका (ii) एवं (iii) हेतु संभाग मुख्यालय के जिला अधिकारी ही नामांकित होंगे, अपील का निराकरण 30 दिवस के भीतर किया जाना होगा,

(4) वित्तीय एवं अन्य संसाधानों की उपलब्धता के आधार पर संयुक्त/उप संचालक जिला कार्यालय समाज कल्याण अधिक सहारे की आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा उपलब्ध कराएगे,

(5) अधिक सहारे की आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए जो सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। वह निर्धारण बोर्ड की अनुशंसा के आधार पर ही प्रदान किया जावे,

अध्याय–8
समुचित सरकारों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व

35. <u>जागरूकता अभियान</u> :–

(1) **अधिनियम की धारा 39 के अधीन** छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा, संरक्षण, तथा संवर्धन हेतु जागरूकता अभियान संचालन के लिये समय–समय पर जारी दिशा निर्देशानुसार प्राधिकारी अधिसूचित किए जाएंगे,

(2) राज्य शासन द्वारा जागरूकता अभियान संचालन के लिये आवश्यकता अनुसार पर्याप्त आबंटन उपलब्ध करायेगा,

36. <u>सुगम्यता का निर्माण</u> :–

<u>प्रत्येक स्थापन निम्नलिखित मानकों का अनुपालन करेगा</u> :– केन्द्र/राज्य शासन द्वारा सुगम्यता हेतु समय–समय पर भौतिक पर्यावरण, परिवहन और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी के संबंध में जारी दिशा निर्देश, जैसे :–

(i) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मार्च 2016 में अधिसूचित लोक भवन मानक जैसे, "हारमोनाइज्ड गाइडलाइन्स एण्ड स्पेस स्टैण्डर्स फॉर पर्सन्स विद डिसेविल्टीज एण्ड एल्डरली पर्सन्स" में विनिर्दिष्ट है,

(ii) भारत सरकार, सड़क और राजमार्ग परिवहन, मंत्रालय द्वारा जारी यथा निविर्दिष्ट पब्लिक बस परिवहन बाडी कोड जैसे अधिसूचना सं. सा.का. नि. 895 (अ) दिनांक 20 सितम्बर, 2016 में

(iii) भारतीय भवन निर्माण संहिता 2016 (National Building Code of India, 2016), यथासंषोधित या समय–समय पर जारी,

(iv) <u>सूचना और संचार प्रौद्योगिकी</u> :–

(क) प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार, द्वारा यथा अंगीकृत भारत सरकार वेबसाईट के मार्गदर्शक सिद्धांत

(ख) वेबसाईट पर रखे जाने वाले दस्तावेज निर्धारित फार्मेट में होंगे जैसे, ePUB या OCR आधारित PDF फार्मेट में होंगे,

(ग) वेब सामग्री पहुंच मार्गदर्शक सिद्धांत जैसे (WCAG) 2.0

Web Content Accessibility Guidlines (WCAG) 2.0

(घ) भारत सरकार की वेबसाईट के लिए दिशा–निर्देश

Guidlines for Indian Government Website

परन्तु अन्य सेवाओं और प्रसुविधाओं के सम्बन्ध में पहुंच मानकों को भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित सुगम्य भारत अभियान के निर्देशो के अनुरूप किया जाएगा,

37. <u>पहुंच मानकों का पुनर्विलोकन</u> :– भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा समय–समय पर सम्बन्धित पहुंच मानकों की नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी और प्रौद्योगिकी के आधार पर पुनर्विलोकन करेगी। जिसका अनुसरण राज्य शासन के समस्त विभाग द्वारा किया जाएगा,

38. **विद्यमान अवसंरचना और सुगम परिसर बनाने के लिए समय–सीमा तथा उस प्रयोजन के लिए कार्यवाही** :–

(1) भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सुगम्य भारत अभियान अन्तर्गत प्रसारित निर्देश तथा अधिनियम की धारा 45 (1) के अधीन राज्य के समस्त शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों को दिव्यांगजन हेतु बाधारहित किया जाए,

(2) निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी सुगम्यता हेतु ग्रामीण/नगरीय निकाय प्राधिकरण के संबंधित विभाग आवश्यक कार्यवाही करेंगे,

(3) समस्त विभाग में उपलब्ध संसाधनो के आधार पर सुगम्यता हेतु समय सीमा अधिकतम 10 वर्ष की होगी, नोडल विभाग की सहमति से प्रकरणवार समय–सीमा में वृद्धि की जा सकती है तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करेंगे,

(4) 90 दिवस में कार्य योजना तैयार कर आयुक्त, दिव्यांगजन छत्तीसगढ़ तथा सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराते हुए अपनी विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्षित करेगा, यदि वेबसाईट नही है तब वह उनके परिसर में सहजदृष्य स्थान पर उसे प्रदर्षित करेगा,

(5) सभी निर्माण, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग/एजेंसी सुगम्य अंकेक्षण का उचित दल तैयार करेगा और उस दल के माध्यम से सुगम्यता अंकेक्षण और पूर्णतः अंकेक्षण कराएगा,

(6) संबंधित विभाग भवन, सड़क, वेबसाईट, निर्माण एजेंसी, परिवहन साधन एवं परिवहन व्यवस्था निर्माण एजेंसियो तथा इस तरह की अन्य को दी जाने वाली अनुमतियों में स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी सुगम्यता को अनुज्ञा में सम्मिलित करेगी,

(7) कंडिका (6) का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जांच सूची बनाई जावे, पालन न किये जाने पर अथवा उल्लंघन किये जाने पर आवश्यक शास्ति एवं दण्ड का प्रावधान करेगा,

39. **सेवा प्रदाताओं द्वारा पहुंच के लिए समय–सीमा** :–

अधिनियम की धारा 46 के अधीन राज्य शासन के सभी विभाग जो किसी भी प्रकार की सेवायें देते है उनकी सुगम्यता सुनिश्चित करने के लिये आगामी 02 वर्ष में नियम बनाएंगे, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग से उचित कारण दर्शाते हुए अवधि में वृद्धि कराई जा सकती है,

40. **मानव संसाधन विकास** :–

(1) संबंधित विभाग नियम प्रवृत्त होने के 06 माह के भीतर पंचायती राज सदस्यों, विधायकों, प्रशासकों, पुलिस पदधारियों, न्यायाधीशों, वकीलों तथा अन्य व्यवसायियों के प्रशिक्षण के लिये सभी पाठ्यक्रमों में दिव्यांगजन के अधिकारों पर आज्ञापक प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगें,

(2) संबंधित विभाग नियम प्रवृत्त होने के 02 वर्ष के भीतर विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों, अध्यापकों, चिकित्सकों, नर्सो, अर्द्धचिकित्सा कार्मिक, समाज कल्याण विभाग के मानव संसाधन, ग्रामीण विकास अधिकारियों, मितानिन कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी तथा अन्य शैक्षणिक व व्यवसायिक कार्यकर्ताओं के लिये सभी शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में दिव्यांगता संबंधी विषय को सम्मिलित करेंगे,

(3) समस्त विभाग नियम प्रवृत्त होने के 01 वर्ष के भीतर स्वतंत्र जीवन में प्रशिक्षण और परिवारों के लिये सामुदायिक संबंधों, समुदाय के सदस्यों, अन्य अंशधारकों, देख–रेख और सहारा पर देख–रेख प्रदाता सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम आरंभ करेंगे,

(4) समस्त विभाग नियम प्रवृत्त होने के 01 वर्ष के भीतर पारस्परिक योगदान और आदर पर समुदाय संबंधो का निर्माण करने के लिये दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिये स्वतंत्र प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे,

(5) छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग नियम प्रवृत्त होने के 02 वर्ष के भीतर क्रीड़ा, खेलकूद, रोमांचकारी गतिविधियों पर ध्यान देने के साथ क्रीड़ा अध्यापकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करेंगे,

41. **क्रियान्वयन समिति** :–

(1) अधिनियम की धारा 47 की उपधारा 3 में कथित बाध्यता के अतिरिक्त अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा राज्य स्तर पर किये जाने हेतु निम्नाकिंत राज्य **स्तरीय क्रियान्वयन समिति का** गठन किया जाता है :–

(i) सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग – अध्यक्ष
(ii) आयुक्त, निःशक्तजन छत्तीसगढ़ – सदस्य
(iii) संचालक, समाज कल्याण संचालनालय – सदस्य
(iv) प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम – सदस्य
(v) संयुक्त संचालक, राज्य संसाधन एवं पुर्नवास केन्द्र – सदस्य/सचिव

उक्त समिति में अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ अथवा विशेष आमंत्रित सदस्य हेतु अध्यक्ष से आग्रह करने पर सम्मिलित किया जा सकेगा,

(2) विशेष आमंत्रित विषय विशेषज्ञ, अशासकीय सदस्य को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश अनुसार बैठक, यात्रा और अन्य कोई भत्ता दिया जायेगा, जिसका भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि या शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश अनुसार किया जावेगा,

(3) **क्रियान्वयन समिति के दायित्व** :–

(i) दिव्यांगजन व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 के क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी,
(ii) दिव्यांगजन हेतु प्रचार–प्रसार, संवेदनशीलता हेतु वातावरण निर्माण आदि के लिये उचित कार्यवाही करना,
(iii) दिव्यांगजन हेतु नवीन कल्याणकारी योजना/कार्यक्रमों के निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु कार्यवाही करना,
(iv) उक्त कार्यवाहियों हेतु राशि की उपलब्धता हेतु प्रयास करना,

(4) समिति के माध्यम से सम्बंधित व्यक्ति, विभाग, एजेंसी तथा संगठन को क्रियान्वयन में कमियो के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त होने पर 03 माह के अंदर संबंधित द्वारा यह कार्य योजना प्रस्तुत की जावेगी कि, इन कमियों की पूर्ति हेतु कितना समय लगेगा,

(5) क्रियान्वयन में कमियों के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदन तथा कमियों को पूर्ति करने में लगने वाले समय की जानकारी विभागीय/संस्थागत वेबसाईट में प्रदर्शित किया जाएगा यदि वेबसाईट नही है तो, कार्यालय परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्शित करेगा,

42. **सामाजिक अंकेक्षण** :– समस्त विभागों द्वारा दिव्यांगजन हेतु क्रियान्वित किये जा रहे योजना/कार्यक्रमों का अंकेक्षण छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा अधिकृत व्यक्ति/संस्था/संगठन/विशेषज्ञों के द्वारा किया जायेगा, जिसका व्यय भार संबंधित विभाग वहन करेगा,

अध्याय–9
दिव्यांग व्यक्तियों के लिये संस्थाओं का पंजीयन और ऐसी संस्थाओं को अनुदान

43. **प्राधिकृत अधिकारी** :– अधिनियम की धारा 51 की उपधारा (1) के प्रयोजन हेतु राज्य शासन द्वारा नामांकित अधिकारी, अधिनियम की धारा 50 के अंतर्गत स्थापित की जाने वाली संस्थाओं के पंजीयन के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत अधिकारी होगा,

44. **अशासकीय संस्थाओं की मान्यता** :–

(1) दिव्यांगजन के लिये संस्थागत शिक्षण–प्रशिक्षण, देखरेख सहित अन्य सेवाएं चलाने वाली सभी संस्थाएं, चाहे वे राज्य सरकार या स्वैच्छिक संगठन द्वारा चलाई जा रही हो, को अधिनियम की धारा 50 के अधीन पंजीकृत किया जाएगा, चाहे वे संस्थाएं तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन पंजीकृत या अनुज्ञप्ति प्राप्त हो,

परंतु, मानसिक रूप से रूग्ण व्यक्तियों की देखरेख के लिये कोई संस्था जो मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 1987 की धारा 8 या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन विधिमान्य अनुज्ञप्ति धारित करती है उसे अधिनियम के अधीन पंजीकृत किये जाने की आवश्यकता नही है, परंतु सूचना दी जानी होगी,

(2) संबंधित अशासकीय स्वैच्छिक संस्था निर्धारित प्रपत्र में संबंधित जिले के संयुक्त/उप संचालक जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग को आवेदन करेंगे,

(3) आवेदन के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करने होंगे:–

(i) दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने के अभिलेखीय साक्ष्य,

(ii) संस्थाओं को शासित करने वाला संविधान, उप–विधियां विनियम आदि,

(iii) विगत तीन वर्षो का वार्षिक प्रतिवेदन एवं उसका सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुतिकरण का प्रमाण एवं विवरण आदि,

(iv) चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा परीक्षित अंकेक्षण प्रतिवेदन, अंकेक्षण में आक्षेपित की गई कमियों का पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का विवरण तथा विगत 3 वर्षो में प्राप्त अनुदान,

(v) संस्था में नियोजित व्यक्तियों के नाम, उनकी शैक्षणिक अर्हता एवं उनकी कुल संख्या तथा उनके अपने–अपने कर्तव्यो और संदत्त किए जा रहे मानदेय के बारे में जानकारी,

(vi) संस्था में नियोजित विशेषज्ञों की संख्या, उनके नाम तथा उनकी शैक्षणिक आर्हताएं एवं आर्हता संबंधी जानकारी,

(vii) संस्था की ओर से पूर्व में दोषसिद्ध के पिछले अभिलेख या किसी अनैतिक कार्य में संलिप्तता के विषय में घोषणा प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे और यह भी कि उन्हें केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा काली सूची में नही रखा गया है,

(viii) आवेदक के निवास संबंधी प्रमाण, उसका पता, ई–मेल, दूरभाष, मोबाइल नम्बर तथा संस्था की वेबसाइट के बारे में जानकारी,

(ix) विभाग द्वारा अपेक्षित अन्य अभिलेख,

(4) प्रत्येक संस्था जिसने उप–नियम (1) के अधीन आवेदन किया है, संस्था के संबंध में निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी:–

(i) आवेदन प्रस्तुत करने के तत्काल पूर्व संस्था तीन वर्ष से अधिक समय से दिव्यांग व्यक्तियो के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य कर रही है,

(ii) संस्था भारतीय सोसायटी पंजीयन अधिनियम, 1860 या राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन पंजीकृत है, और आवेदन के साथ ऐसे पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति, समिति की उप–विधि, और मेमोरेन्डम ऑफ एसोसिएशन की प्रति प्रस्तुत की जाएगी,

(iii) संस्था किसी व्यक्तिगत या व्यक्तिगत निकाय के लाभार्थ संचालित नहीं है,

(iv) संस्था में दिव्यांगजन को भोजन देने और अन्य विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय पुनर्वास परिषद् से पंजीकृत पेशेवरों को नियुक्त किया हो,

(v) संस्था में दिव्यांगजन के लिये पर्याप्त शिक्षण, ज्ञानार्जन एवं सीखने की अन्य सामग्री उपलब्ध है,

(vi) संस्था ने सक्षम अधिकारी को अपने विगत तीन वर्षो की संपरीक्षित लेखों और वार्षिक प्रतिवेदन, प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया है तथा उसको प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रमाण, एवं अंकेक्षण में आक्षेपित की गई कमियों का पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का विवरण,

(vii) सुगम्य वातावरण सहित भौतिक अधोसंरचना, समावेशी शिक्षा, रोजगार, सामाजिक स्थिति, जल, विद्युत, स्वच्छता, साफ–सफाई एवं मनोरंजन सुविधाओं के ब्यौरे,

(viii) संस्था या आश्रय गृह चलाने का नियंत्रक निकाय का संकल्प,

(ix) नए आवेदकों के प्रकरणों में दिव्यांगजन को चिकित्सीय, व्यावसायिक, शैक्षणिक, परामर्श इत्यादि जैसी सेवाएं प्रदान करने की योजना और, मौजूदा संस्थाओं के प्रकरणों में प्रदान की जाने वाली ऐसी सेवाओं का ब्यौरा,

(x) सुरक्षा, संरक्षा और सुगम्य परिवहन की व्यवस्थाएं,

(xi) संगठन द्वारा चलाई जाने वाली अन्य सहायता सेवाओं का ब्यौरा,

(xii) दिव्यांगजन को आवश्यकता–आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिये अन्य शासकीय, अशासकीय, कार्पोरेट और अन्य सामुदायिक एजेंसियों के साथ लिंकेज तथा नेटवर्क का ब्यौरा,

(xiii) विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के अधीन पंजीयन और उपलब्ध निधियों का ब्यौरा, यदि कोई हो,

(xiv) संस्था के द्वारा जिन अन्य अधिनियम और नियमों का पालन किया जाना है (जैसे, किशोर न्याय अधिनियम, श्रम अधिनियम, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, माता–पिता भरण पोषण अधिनियम, नर्सिंग अधिनियम, अग्नि शमन सेवा अधिनियम, भारतीय पुनर्वास परिषद आदि के प्रावधान एवं स्वच्छता पर उचित कार्यवाही संस्था के सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानी होगी),

(xv) राज्य सरकार द्वारा यथा विहित कोई अन्य मानदंड,

(5) संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण आवेदन प्राप्ति के पश्चात 30 दिवस के भीतर संस्था के कार्यकलापों की जांच कर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार करेगा,

(6) कंडिका (5) की कार्यवाही पश्चात 20 दिवस के भीतर जिला कलेक्टर की अनुशंसा सहित, प्रस्ताव प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेगा,

(7) प्रतिवेदन प्राप्ति के पश्चात 40 दिवस के भीतर प्राधिकृत अधिकारी यह सत्यापन और समाधान करने के बाद अधिनियम की धारा 50 के उपबंधो के अधीन पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी करेगा,

परन्तु आवेदन प्राप्ति के पश्चात निम्नांकित अनुसार 90 दिवसों के भीतर ही संस्था का पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी किया जाना अनिवार्य होगा :–

जिला कार्यालय, समाज कल्याण	जिला कलेक्टर	आयुक्त/संचालक समाज कल्याण द्वारा नामांकित प्राधिकारी
30 दिवस	20 दिवस	40 दिवस

(8) पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी होने के दिनांक से 5 वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगा, किन्तु स्वैच्छिक संस्था संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण को प्रतिवर्ष किए गए कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा,

(9) संस्थाओं के लिए पंजीयन की अवधि समाप्त होने के 90 दिवस पूर्व आवेदन संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण में करना होगा,

(10) संस्थाओं का पंजीयन प्रमाण–पत्र के नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्ति पश्चात 30 में दिवस जिला कार्यालय, समाज कल्याण, 20 दिवस में जिला कलेक्टर तथा 40 दिवस में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नवीनीकरण पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी करना होगा,

(11) यदि संस्था के पंजीयन की अवधि समाप्त होने से पहले पंजीयन के नवीकरण के लिए आवेदन नहीं करते है, तो वह संस्था अधिनियम की धारा 50 के उपबंधो के अधीन पंजीकृत संस्था नही रह जाएगी तथा उसके हितग्राहियों आदि की आगामी व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा ही किया जाना होगा,

(12) यदि निरीक्षण या वार्षिक समीक्षा से यह ज्ञात हो कि अधिनियम और इन नियमों में यथा निर्धारित शिक्षण–प्रशिक्षण, संरक्षण, पुनर्वास तथा पुनर्संमेकन सेवाओं और संस्था के प्रबंधन के मानकों का अनुपालन असंतोषजनक है या सुविधाएं अपर्याप्त हैं, तो राज्य सरकार संस्था के प्रबंधन को किसी भी समय मान्यता समाप्त कर सकती है, ऐसी स्थिति में उसके हितग्राहियों को आगामी व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा ही किया जाना होगा,

45. **पंजीयन प्रमाण–पत्र जारी करने से इंकार करना** :–

प्राधिकृत अधिकारी, आवेदक को सुनवाई हेतु 15 दिवस का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात " बोलता आदेश " द्वारा प्रमाण–पत्र देने से इंकार कर सकेगा, ऐसे आदेश में ऐसे प्रमाण–पत्र को देने से इंकार करने के विशिष्ट कारण अंतर्विष्ट होंगे और आवेदक को तद्नुसार पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट तथा ई–मेल से सूचित किया जाएगा,

46. **पंजीयन प्रमाण–पत्र की विधिमान्यता** :–

अधिनियम की धारा 50 के अधीन जारी किया गया पंजीयन प्रमाण–पत्र 5 वर्ष की कालावधि के लिए विधिमान्य करेगा, जब तक कि उसे अधिनियम की धारा 52 के अधीन निरस्त न कर दिया गया हो,

47. **पंजीयन का प्रतिसंहरण** :–

(1) अधिनियम की धारा 51 की उपधारा 2 के अधीन स्वीकृत किए गए पंजीयन के प्रमाण–पत्र को निरस्त करने हेतु युक्तियुक्त अवसर देते हुए प्राधिकृत अधिकारी नोटिस जारी करेंगे, नोटिस में पंजीयन को निरस्त करने के विशिष्ट कारण अंतर्विष्ट होंगे और आवेदक को तद्नुसार पंजीकृत डाक, या स्पीड पोस्ट तथा ई–मेल से सूचित किया जाएगा,

(2) अधिनियम की धारा 51 की उपधारा 2 के अधीन पंजीकृत संस्था की मान्यता समाप्त होने पर स्वतः मान्यता एवं अनुदान समाप्त हो जाएगा, ऐसी स्थिति में उसके हितग्राहियों को आगामी व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा ही किया जाना होगा,

48. **प्राधिकृत अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील** :–

प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाण–पत्र देने से इंकार करने या पंजीयन निरस्त करने के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति या संगठन, 30 कार्य दिवस के भीतर ऐसे इंकार करने या पंजीयन निरस्त करने के विरूद्ध, प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को अपील कर सकेगा, अपीलीय अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा,

49. **पंजीकृत संस्थाओं को सहायता** :– दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने हेतु पंजीकृत संस्थाओं को छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय मान्यता/अनुदान नियम के अनुरूप वित्तीय सहायता दी जाएगी,

अध्याय 10
विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओ का प्रमाणन

50. प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करना :–

शासकीय चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी होंगे। संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत समस्त चिकित्सालयों के लिये अलग–अलग प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करेंगे,

51. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन :–

(1) कोई विनिर्दिष्ट दिव्यांग व्यक्ति दिव्यांगता प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन करेगा और आवेदन निम्नलिखित को प्रस्तुत करेगा :–

(i) कोई चिकित्सा प्राधिकारी या कोई अन्य अधिसूचित प्राधिकृत अधिकारी आवेदक के निवास के जिले में जैसाकि आवेदन के निवास के सबूत के रूप में यथा वर्णित या अनुसूची–एक में यथा वर्णित कोई प्राधिकारी ऐसा प्रमाण–पत्र जारी करेगा,

(ii) किसी शासकीय अस्पताल में, प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी जिसमें उसने अपनी दिव्यांगता के संबंध में वह उपचार करा रहा हो या उसने उपचार कराया हो,

परंतु जहां कोई दिव्यांगजन अवयस्क है या बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रस्त है या किसी ऐसी दिव्यांगता से ग्रस्त है जो उसे स्वयं ऐसा आवेदन करने में असमर्थ बनाती हो तो उसके निमित्त आवेदन उसके विधिक अभिभावक या अधिनियम के अधीन पंजीकृत ऐसे संगठन द्वारा किया जा सकेगा जिसकी देखभाल के अधीन उक्त दिव्यांगजन हो,

(2) आवेदन के साथ निम्नलिखित अभिलेख सम्मिलित किए जाएंगे :–

(i) आवास का प्रमाण (मूल निवास), राष्ट्रीय न्यास अधिनियम अंतर्गत अधिसूचित दिव्यांगता के प्रकरण में विधिक अभिभावक के आवास का प्रमाण,

(ii) दो नवीनतम पासपोर्ट साइज की छायाचित्र, दिव्यांगता को दर्शित करने वाला छायाचित्र,

(iii) आधार क्रमांक अथवा आधार नामांकन क्रमांक, यदि कोई हो,

52. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र का जारी किया जाना :–

(1) आवेदन प्राप्त होने पर चिकित्सा प्राधिकारी, या अन्य अधिसूचित प्राधिकृत अधिकारी आवेदक द्वारा दी गई जानकारी का सत्यापन करेगा,

(2) केन्द्र सरकार द्वारा जारी सुसंगत मार्गदर्शक सिद्धांतो के निबंधनो में दिव्यांगता का निर्धारण करेगा तथा स्वयं का यह समाधान हो जाने के पश्चात कि आवेदक दिव्यांगजन है, विहित प्रारूप में उसके पक्ष में दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करेगा,

(3) चिकित्सा प्राधिकारी, आवेदन की प्राप्ति की दिनांक से 30 दिवस के भीतर दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करेगा,

(4) चिकित्सा प्राधिकारी सम्यक परीक्षण के पष्चात :–

(i) उन प्रकरणों में स्थायी दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करेगा जहां दिव्यांगता के स्तर में समय के साथ परिवर्तन की कोई संभावना नही है, अथवा

(ii) उन मामलों में जहां समय के साथ दिव्यांगता के स्तर में परिवर्तन की संभावना है, अस्थाई दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करेगा और विधिमान्यता की अवधि उपदर्षित करेगा,

(5) यदि कोई आवेदक उसे दिव्यांगता प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए पात्र नहीं पाया जाता है तो चिकित्सा प्राधिकारी, आवेदन की प्राप्ति की दिनांक से 30 दिवस की कालावधि के भीतर उसे लिखित में कारणो से सूचित करेगा,

(6) नियम प्रवृत्त होने के 03 माह के भीतर ऑनलाईन प्रक्रिया के द्वारा भारत सरकार की वेब पोर्टल www.swavlamvancard.gov.in के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण–पत्र और यू.डी.आई.डी. कार्ड जारी किया जाएगा,

13. **जारी किया गया प्रमाण–पत्र साधारणतः सभी प्रयोजनों के लिए विधिमान्य होगा** :–

(1) कोई व्यक्ति, जिसे दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, जारी किया गया है, शासन की योजनाओं और वित्त पोषित गैर शासकीय संस्थाओं की योजनाओं के अधीन सुविधाओं, छूट और लाभो को, जो दिव्यांगजन को अनुज्ञेय है, विधिमान्य होगी,

(2) ऐसे व्यक्ति ऐसी शर्तो के अधीन, जो शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपयुक्त योजनाओं या अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की गई है, आवेदन देने के लिए समर्थ होगा,

14. **अपील** :– प्राधिकृत अधिकारी के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति 60 दिवस के भीतर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अपील कर सकेगा तथा अपील का निराकरण 30 दिवस के भीतर करना अनिवार्य होगा,

छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग यह नियम प्रवृत्त होने के 90 दिवस के भीतर विस्तृत अनुदेश जारी करेगा,

अध्याय 11

दिव्यांगजन के लिए राज्य सलाहकार बोर्ड

55. <u>राज्य सलाहकार बोर्ड</u> :–

1. अधिनियम की धारा 66 (i) के अधीन प्राप्त शक्तियों के आधार पर दिव्यांगजन के लिए राज्य सलाहकार समिति का गठन किया जाता है, जो कि दिव्यांगजन के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों/योजनाओं की समीक्षा एवं मूल्यांकन करेगी, समिति का गठन का स्वरूप निम्नानुसार होगा :–

(i)	माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग	–	अध्यक्ष
(ii)	03 विधायक (छ.ग. शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जावेगा)	–	सदस्य
(iii)	अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम	–	सदस्य
(iv)	अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग	–	सदस्य
(v)	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामान्य प्रशासन, लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वित्त, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय प्रशासन एवं विकास, आवास एवं पर्यावरण, वाणिज्य एवं उद्योग, खेल एवं युवा कल्याण, परिवहन, विधि एवं विधायी कार्य, लोक निर्माण, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग	–	सदस्य
(vi)	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग	–	सदस्य/सचिव
(vii)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय	–	सदस्य
(viii)	सदस्यों के निम्नलिखित प्रवर्ग राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट होंगे – 05 विशेषज्ञ दिव्यांगजन के पुनर्वास एवं कल्याण के क्षेत्र में विशेषज्ञ (अधिनियम में प्रावधानित दिव्यांगता के आधार पर चक्रानुक्रम में,)	–	सदस्य
(ix)	05 सदस्य जिला प्रतिनिधि (संभागीय चक्रानुक्रम में दिव्यांगजन के पुनर्वास एवं कल्याण के क्षेत्र मे कार्यरत)	–	सदस्य
(x)	10 दिव्यांगजन जिन्होंने विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की हो, जिसमें 05 महिला, 01 अनु.जाति एवं 01 अनु.जनजाति हो	–	सदस्य
(xi)	03 सदस्य स्टेट चेम्बर ऑफ कॉमर्स	–	सदस्य

(2) अधिनियम की धारा 66 की उप धारा (2) के खण्ड के उप खण्ड (दो) के अधीन जिलों से चक्रानुक्रम द्वारा पांच सदस्यों की नामांकन प्रक्रिया निम्नानुसार होगी –

(i) जिलों को, दिव्यांगजन जन जनगणना की संख्या के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा, जनगणना की अनुपलब्धता पर जिलों का चयन समाज कल्याण विभाग द्वारा विहित की गई रीति द्वारा की जाएगा,

(ii) प्रति संभाग एक जिला का चयन किया जाएगा जहां दिव्यांगजन जन की जनसंख्या सर्वाधिक है तथा पांच सदस्य पहली बार में नामांकित होंगे, जो बोर्ड में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

(iii) प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात् सर्वाधिक दिव्यांगजन आबादी वाले अन्य जिलों का चयन किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया तब तक निरंतर रहेगी जब तक समस्त जिलों का प्रतिनिधित्व पूर्ण नही हो जाता,

(iv) उपरोक्त जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा,

(v) सदस्यों का चयन संबंधित जिले के कलेक्टर की अनुशंसा पर किया जाएगा,

(3) राज्य सलाहकार की बैठक वर्ष में एक बार साधारणतः आयोजित की जा सकेगी विशेष परिस्थिति में अध्यक्ष की अनुमति से विशेष बैठक आयोजित की जा सकेगी,

56. **सदस्यों के निबंधन और शर्ते** :–

(1) राज्य सलाहकार बोर्ड के अशासकीय सदस्य अपने नामनिर्देशन की दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिये पदधारण करेंगे,

(2) राज्य सरकार, यदि वह ठीक समझे तो किसी नामनिर्देशित सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसे उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात, हटा सकेगी,

(3) नामनिर्देशित कोई सदस्य, राज्य सरकार को लिखित में हस्ताक्षर द्वारा, किसी भी समय पद त्याग कर सकेगा,

(4) राज्य सलाहकार बोर्ड में कोई आकस्मिक रिक्ति, नए नामनिर्देशित सदस्य द्वारा भरी जाएगी और रिक्ति को भरने के लिए नामनिर्देशित व्यक्ति उस शेष अवधि के लिए ही पद धारण करेगा, जिसके लिए वह व्यक्ति पद धारण करता जिसके स्थान पर वह नाम निर्देशित हुआ है,

57. **सलाहकार बोर्ड के सदस्यो के भत्ते** :–

(1) राज्य सलाहकार बोर्ड के अशासकीय सदस्यों को बैठक के वास्तविक प्रत्येक दिन के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित 'वित्त–निर्देश' अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते देय होंगे,

(2) राज्य सलाहकार बोर्ड के गैर–पदेन सदस्यों को, जो नवा रायपुर/रायपुर में निवास नही कर रहे है, वास्तविक यात्रा व्यय, या वास्तविक किराया जो रेल के द्वितीय श्रेणी के वातानुकूलित किराए से अधिक नहीं होगा,

(3) शासकीय सदस्यो को दैनिक भत्ते और यात्रा भत्ते का संदाय संबंधित विभाग जिसके अधीन यह कार्य कर रहा है, के सुसंगत नियमों के अधीन इस निमित्त एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कि उसने किसी अन्य शासकीय स्त्रोत से उसी यात्रा और ठहराव के लिए कोई ऐसा भत्ता आहरित नहीं किया है, किया जाएगा,

(4) कण्डिका 01 एवं 02 विनिर्दिष्ट अनुसार समिति के अशासकीय सदस्यों कों अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते की राशि का भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि या शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश अनुसार किया जावेगा,

58. **निरहर्ताएं** :–

(1) ऐसा कोई व्यक्ति, राज्य सलाहकार बोर्ड का सदस्य नहीं होगा, जो–

(i) दिवालिया हो या किसी समय सक्षम न्यायालय द्वारा दिवालिया न्यायनिर्णित किया गया है या जिसने अपने ऋणों का संदाय निलंबित कर दिया है या अपने लेनदारों के साथ समझौता कर लिया है, या

(ii) विकृत चित्त का हो और सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित कर दिया गया है, या

(iii) किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाता हो या ठहराया गया हो जिसमें राज्य शासन की राय में नैतिक मूल्यों के विरूद्ध हो, या

(iv) किसी समय अधिनियम के अधीन किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया है या गया हो, या

(v) जिसने राज्य सरकार की राय में सदस्य के रूप में अपने पद का ऐसा दुरूपयोग किया हो कि उसका राज्य सलाहकार बोर्ड में बने रहना जनसाधारण के हितों के प्रतिकूल हों,

(2) राज्य सरकार द्वारा हटाए जाने का आदेश तब नही किया जाएगा जब तक कि संबंधित सदस्य को उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का अवसर न दे दिया गया हो,

(3) कोई सदस्य जो इस नियम के अधीन हटाया गया है सदस्य के रूप में पुनः नाम निर्देशन का पात्र नहीं होगा,

59. **राज्य सलाहकार बोर्ड के कृत्य** :–

राज्य सलाहकार बोर्ड निम्नानुसार कृत्य करेगा –

(1) दिव्यांगजन के लिये नीति निर्धारण, कार्यक्रम, योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार को सलाह देना,

(2) दिव्यांगजन हेतु राज्य नीति को विकसित करना,

(3) दिव्यांगजन से संबंधित कार्रवाई के लिये विभिन्न विभागों की समीक्षा एवं समन्वय करना,

(4) दिव्यांगजन के लिये नवीन कार्यक्रमों को तैयार करना,

(5) दिव्यांगजन हेतु बाधारहित वातावरण, उचित आवास, समानता के संदर्भ में कार्रवाई करना,

(6) नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन,

(7) अन्य कोई कृत्य जो समय–समय पर शासन द्वारा सौंपे जाए,

60. **बैठक की सूचना** :–

(1) राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक साधारणतया ऐसे दिनांक को, जो अध्यक्ष द्वारा नियत की जाए, आयोजित की जाएगी,

(2) राज्य सलाहकार बोर्ड के कम से कम दस सदस्यों के लिखित अनुरोध पर बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित की जा सकेगी,

(3) सदस्य–सचिव ऐसी सूचना सदस्यों को संवाहक द्वारा या उनके पते पर स्पीड/रजिस्टर्ड डाक या ऐसी अन्य रीति से, जो अध्यक्ष मामले की परिस्थितियों मे उचित समझे, सूचना देगा,

(4) कोई भी सदस्य बैठक में विचारण के लिए किसी विषय को, अध्यक्ष की अनुमति के बिना लाने का हकदार नही होगा जब तक कि अध्यक्ष ऐसा करने के लिए उसे अनुज्ञात न करें,

(5) अध्यक्ष, राज्य सलाहकार बोर्ड आयोजित बैठक को स्थगित कर सकेगा,

61. **पीठासीन अधिकारी** :– अध्यक्ष, राज्य सलाहकार बोर्ड, बोर्ड की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अध्यक्षता करेगा किंतु जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनो किसी बैठक में अनुपस्थित हों तो उपस्थित सदस्य में से किसी एक वरिष्ठतम सदस्य बैठक की अध्यक्षता करेगा।

62. **गणपूर्ति** :–

(1) राज्य सलाहकार बोर्ड के कुल सदस्यों का एक–तिहाई किसी बैठक के लिए गणपूर्ति होगी, परन्तु गणपूर्ति नहीं होने पर न्यूनतम 30 मिनट तक के लिए बैठक स्थगित किए जाने की स्थिति में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी,

(2) कोई विषय जो यथास्थिति किसी साधारण या विशेष बैठक का एजेण्डा नहीं है, पर स्थगित बैठक में चर्चा नहीं की जाएगी,

63. **कार्यवृत्त** :–

(1) सदस्य–सचिव उन सदस्यों के नामों को अंतर्विष्ट करने वाला अभिलेख रखेगा जिन्होने बैठक में भाग लिया था तथा बैठक की कार्यवाहियों की पुस्तिका उस प्रयोजन के लिए रखी जाएगी,

(2) पूर्व बैठक के कार्यवृत्त को प्रत्येक पश्चातवर्ती बैठक के प्रारंभ में पढ़ा जाएगा और ऐसी बैठक के अध्यक्ष अधिकारी द्वारा उसकी पुष्टि की जाएगी और हस्ताक्षर किये जाएंगे,

64. **बैठको में संव्यवहार की जाने वाली कार्यवाही** :– अध्यक्ष की अनुज्ञा के बिना किसी कार्यवाही को किसी एजेण्डा में प्रविष्ट नहीं की जाएगी या जिसकी सूचना नियम 60 के उपनियम (4) के अधीन सदस्य द्वारा नहीं दी गई है, का किसी बैठक में संव्यवहार नहीं होगा।

65. **राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक के लिए एजेण्डा** :–

(1) किसी बैठक में कार्यवाही का संव्यवहार उसी क्रम में किया जाएगा, जिसमें वह एजेण्डा में प्रविष्टि है, सिवाय वह अन्यथा किसी बैठक में अध्यक्ष की अनुज्ञा के संकल्प न किया गया हो,

(2) या तो, बैठक के प्रारंभ में या बैठक में किसी प्रस्ताव पर चर्चा के समापन पर अध्यक्ष या सदस्य एजेण्डा में यथा प्रविष्ट कार्यवाही के क्रम में परिवर्तन का सुझाव दे सकेगा और यदि अध्यक्ष सहमत होता है तो ऐसा परिवर्तन किया जाएगा,

66. **बहुमत द्वारा निश्चय**:– समिति की बैठक में विचार किए गए सभी प्रश्नों का विनिश्चय उपस्थित सदस्यों के और मत देने वाले सदस्यो के बहुमत से किया जाएगा और मतों के समान होने की दशा में यथास्थिति अध्यक्ष या अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष या दोनों की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता करने वाले सदस्य का द्वितीय या निर्णायक मत होगा,

67. **किसी कार्यवाही की रिक्ति या किसी अन्य त्रुटि से अविधिमान्य न होना** :– राज्य सलाहकार बोर्ड की कोई कार्यवाही बोर्ड के गठन में किसी रिक्त या किसी अन्य त्रुटि के विद्यमान होने के कारण से अविधिमान्य नहीं होगी।

68. **दिव्यांगता पर जिला स्तरीय समिति** :– (1) अधिनियम 2016 की धारा 72 के अधीन प्राप्त शक्तियों के आधार पर दिव्यांगजन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाता है, समिति के गठन का स्वरूप निम्नानुसार होगा :–

(i)	कलेक्टर	–	अध्यक्ष
(ii)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	–	उपाध्यक्ष
(iii)	आयुक्त, नगर पालिक निगम	–	सदस्य
(iv)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	–	सदस्य
(v)	जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग	–	सदस्य
(vi)	जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग	–	सदस्य
(vii)	जिला परिवहन अधिकारी, जिला कार्यालय परिवहन	–	सदस्य
(viii)	उप संचालक/प्राचार्य (जिला नोडल) जिला कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग	–	सदस्य
(ix)	मुख्य महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र	–	सदस्य
(x)	संयुक्त/उप संचालक, नगरीय प्रशासन विभाग	–	सदस्य
(xi)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत	–	सदस्य
(xii)	मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत	–	सदस्य
(xiii)	अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा नामित प्रतिनिधि	–	सदस्य
(xiv)	03 व्यक्ति दिव्यांगता एवं पुनर्वास क्षेत्र के विशेषज्ञ (अधिनियम में प्रावधानित दिव्यांगता के आधार पर चक्रानुक्रम)।	–	सदस्य
(xv)	05 सदस्य नगरीय/जनपद पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधि	–	सदस्य

चक्रानुक्रम में

(xvi) 05 सदस्य स्वैच्छिक संस्था के विभिन्न दिव्यांगता के जिसमें 02 महिला, 01 अनु. जाति एवं 01 अनु. जनजाति हो – सदस्य

(xvii) 03 सदस्य जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स – सदस्य

(xviii) संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण – सदस्य सचिव

कंडिका (xiv), (xv) एवं (xvi) के अशासकीय सदस्यों को कलेक्टर द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जावेगा,

(2) जिला स्तरीय समिति दिव्यांगजन को हो रही समस्याओं का समाधान करेगी तथा समस्त शासकीय विभागों/अशासकीय संगठनों से समन्वय कर समग्र पुनर्वास के लिए कार्यवाही करेगी और की गई कार्यवाही की पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन करेगी।

(3) नाम निर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों की पदावधि नामांकन आदेश दिनांक से 03 वर्ष की होगी और नाम निर्दिष्ट सदस्य एक और पदावधि के लिए पुनः नाम निर्देशन के लिए पात्र होंगे,

(4) जिला कलेक्टर यदि ठीक समझे तो किसी नाम निर्देशित अशासकीय सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसे उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात हटा सकेंगे,

69. <u>जिला स्तरीय समिति के कृत्य</u> :–

(1) जिले की दिव्यांगजन कल्याण वार्षिक योजना का अनुमोदन करना,

(2) समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित जानकारी को अद्यतन कराये जाने की समीक्षा,

(3) दिव्यांगजन को जिले में जारी किए गए दिव्यांगता प्रमाण–पत्र तथा यू.डी.आई.डी. कार्ड की समीक्षा करना,

(4) दिव्यांगजन के कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अधीन हितग्राहियों की समीक्षा करना,

(5) शासकीय सेवा में आरक्षण के अनुसार दिव्यांगजन की नियुक्ति सुनिश्चित कराना,

(6) जिले में दिव्यांगजन के कल्याण हेतु कार्यरत अशासकीय संस्थाओं के कार्यों का अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा अधिकृत समिति के सदस्यों के माध्यम से निरीक्षण कराना,

(7) इस अधिनियम से संबंधित समस्त विभागों की दिव्यांगता संबंधी गतिविधियों का छः माह के अंतराल में किए गए कार्यों की समीक्षा करना,

(8) दिव्यांग विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति एवं उनकी समस्याओं के समाधान की समीक्षा करना,

(9) बाधारहित वातावरण को समय–सीमा में कराए जाने की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश देना,

(10) समावेशी भारत अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक विकास की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश देना,

(11) संबंधित विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु किए गए हस्तक्षेप, शीघ्र पहचान एवं उपचार आदि अन्य सुविधाओं व संसाधनों की समीक्षा करना,

(12) जिला स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त बजट में से दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा करना,

(13) राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए कार्यों की समीक्षा करना।

70. **जिला स्तरीय समिति के सदस्यो के भत्ते** :–

(1) जिला स्तरीय समिति के अशासकीय सदस्यों को बैठक के वास्तविक प्रत्येक दिन के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित 'वित्त–निर्देश" अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के पात्र होंगे,

(2) कण्डिका 01 एवं 02 विनिर्दिष्ट अनुसार समिति के अशासकीय सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते की राशि का भुगतान जिला में संधारित निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 100 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि या शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश अनुसार किया जावेगा,

71. **बैठक की सूचना** :–

(1) जिला स्तरीय समिति की बैठक साधारणतः जिला मुख्यालय में ऐसे दिनांक को, जो अध्यक्ष द्वारा नियत की जाए, आयोजित की जाएगी,

(2) समिति की बैठक प्रत्येक 06 माह में कम से कम एक बार होगी,

(3) समिति का सदस्य सचिव द्वारा बैठक की सूचना 15 दिवस पूर्व समिति के सदस्यों को दिया जाना अनिवार्य होगा,

(4) अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति अपरिहार्य कारणों से बैठक को स्थगित कर सकेगा,

72. **पीठासीन अधिकारी** :– अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति, समिति की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्य में से किसी एक वरिष्ठ सदस्य को बैठक की अध्यक्षता करने के लिए नामांकित किया जावेगा,

73. **गणपूर्ति** :–

समिति के एक–तिहाई सदस्य बैठकों की गणपूर्ति कर सकेंगे परन्तु गणपूर्ति नही होने पर न्यूनतम 30 मिनट के लिए बैठक स्थगित किये जाने की स्थिति में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी,

74. **कार्यवृत्त** :–

(1) सदस्य सचिव, बैठक की कार्यवृत्त पुस्तिका रखेगा जिसमें समिति के सभी सदस्यों के नाम तथा उनके हस्ताक्षर होंगे जिन्होंने बैठक में भाग लिया और, इसमें बैठक की कार्यवाहियों के ब्यौरे भी संधारित किए जाएंगे,

(2) समिति की आगामी प्रत्येक बैठक में, पिछली बैठक का कार्यवृत्त प्रारम्भ में पढ़ा जायेगा तथा ऐसी बैठक की अध्यक्षता करने वाले पीठासीन अधिकारी द्वारा पुष्टि की जाएगी तथा ऐसी बैठक के पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे,

75. **बैठको में संव्यवहार किया जाने वाली कार्यवाही** :– सिवाय अध्यक्ष की अनुज्ञा के किसी कार्यवाही को किसी एजेण्डा में प्रविष्टि नहीं की जावेगी या जिसकी सूचना नियम 71 के उपनियम (3) के अधीन सदस्य–सचिव द्वारा नहीं दी गई है, का किसी बैठक में संव्यवहार नहीं होगा।

76. **किसी कार्यवाही की रिक्ति या किसी अन्य त्रुटि से अविधिमान्य न होना** :– जिला स्तरीय समिति की कोई कार्यवाही समिति के गठन में किसी रिक्त या किसी अन्य त्रुटि के विद्यमान होने के कारण से अविधिमान्य नहीं होगी,

अध्याय 12
दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आयुक्त

77. **दिव्यांगजन के लिये आयुक्त** :– अधिनियम की धारा 79 के अधीन राज्य शासन दिव्यांगजन के लिये आयुक्त की नियुक्ति करेंगे,

78. **आयुक्त, दिव्यांगजन की नियुक्ति के लिए अर्हता** :–

अधिनियम की धारा 79 की उप धारा 2 के अधीन आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने के उद्देश्य से, किसी व्यक्ति द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना आवश्यक है, अर्थात :–

(1) उसके पास दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वास से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में विशेष ज्ञान अथवा व्यवहारिक अनुभव हो,

(2) आयुक्त दिव्यांगजन की नियुक्ति के आवेदन के लिये आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन में यथा विनिर्दिष्ट आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि वाले वर्ष में पहली जनवरी को 65 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो,

(3) यदि वह केन्द्रीय/राज्य शासन के अधीन सेवारत है, तो उसे आयुक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उस सेवा से सेवानिवृत्ति लेनी आवश्यक है,

(4) केन्द्र सरकार की अखिल भारतीय सेवा, एवं राज्य सरकार की सिविल सेवाओं के सेवानिवृत्त ऐसे अधिकारी जिन्हें दिव्यांगता के क्षेत्र में नीति निर्धारण एवं प्रशासन का अनुभव हो,

(5) उसके पास निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव हो, अर्थात् :–

(i) **शैक्षणिक अर्हता** :–

(क) **आवश्यक** : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक,

(ख) **वांछनीय** : सामाजिक कार्य/विधि/प्रबंधन/मानव अधिकार/पुनर्वास/मानविकी से समस्त विषय/दिव्यांगजन व्यक्ति शिक्षा में से किसी एक विषय पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर,

(ii) **अनुभव** :– निम्नलिखित प्रकार के एक या अधिक संगठनों में निर्धारित स्तरों पर कम से कम **15 वर्ष का** अनुभव होना चाहिए :–

(क) केन्द्रीय/राज्य शासन/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/दिव्यांगता से सम्बन्धित मामलों के अर्द्धशासकीय या स्वायत्त निकाय अथवा सामाजिक क्षेत्र (समाज कल्याण/सामान्य प्रशासन/स्वास्थ्य/शिक्षा/गरीबी उन्मूलन/महिला एवं बाल विकास) में प्रथम श्रेणी

के पद एवं न्यायिक या अर्द्धन्यायिक निर्णय करने का 03 वर्ष का अनुभव अथवा

(iii) दिव्यांगजनों हेतु सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कार्यरत और संगठन के सामाजिक विकास कार्यकलापों को संचालित करने के प्रभारी प्रमुख प्राइवेट सेक्टर संगठन में पदस्थ वरिष्ठ कार्यकारी, जिसे प्रशासनिक/नीतिगत मामलों में निर्णय लेने, 15 वर्ष का अनुभव हो,

परन्तु यह कि ऊपर वर्णित कुल 15 वर्षों के अनुभव में से, दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रकाशित विज्ञापन में उल्लेखित आवेदन प्राप्ति के अंतिम दिनांक से कम से कम विगत 03 वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य में कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है,

29. **आयुक्त दिव्यांगजन के लिए निरर्हताएं** :–

कोई ऐसा व्यक्ति आयुक्त, दिव्यांगजन के पद के लिए पात्र नहीं होगा यदि वह –

(1) दिवालिया हो या किसी समय दिवालिया घोषित किया गया हो, या

(2) व्यक्ति जो विकृत चित्त का हो तथा सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित कर दिया गया हो, या

(3) व्यक्ति जो ऐसे किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो, जो राज्य सरकार की राय में हिंसात्मक प्रवृत्ति तथा नैतिक मूल्यों के विरूद्ध हो, या

(4) व्यक्ति जिसने राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के रूप में शक्ति का दुरूपयोग किया हो तथा दोषी पाया गया हो तथा उसकी सेवाएं लोक हित के विरूद्ध हो,

(5) उसने आयुक्त, दिव्यांगजन के रूप में दो कार्यकाल पूर्ण कर लिए हों,

30. **आयुक्त, दिव्यांगजन की पदावधि** :– आयुक्त, दिव्यांगजन की पदावधि तीन वर्ष के लिये होगी।

31. **आयुक्त, दिव्यांगजन का मुख्यालय :– आयुक्त, दिव्यांगजन का मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर, जिला– रायपुर, छत्तीसगढ़ में होगा।**

32. **आयुक्त की नियुक्ति की विधि** :–

(1) आयुक्त, दिव्यांगजन छत्तीसगढ़ के रिक्त हुए पद की पूर्ति हेतु प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में निम्नानुसार **जांच–सह–चयन समिति** का गठन किया जाएगा :–

(i) प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, छ.ग. शासन, समाज कल्याण विभाग – अध्यक्ष

(ii) प्रमुख सचिव/सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि – सदस्य

(iii) प्रमुख सचिव/सचिव, छ.ग. शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग – सदस्य

(iv) संचालक, समाज कल्याण, संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर – सदस्य

(2) आयुक्त, दिव्यांगजन के चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

(i) आयुक्त, दिव्यांगजन के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने हेतु संचालक, समाज कल्याण संचालनालय द्वारा विज्ञापन जारी किया

जाएगा। विज्ञापन न्यूनतम दो राष्ट्रीय एवं दो राज्य स्तर के दैनिक समाचार पत्रों, दोनों स्तर पर एक अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित होना चाहिए,

(ii) प्राप्त आवेदनों को राज्य सरकार द्वारा, गठित जांच–सह–चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा,

(iii) राज्य सरकार जांच–सह–चयन समिति की अनुशंसा पर आयुक्त, दिव्यांगजन की नियुक्ति करेगा तथा इस मामले में कोई अपील नहीं होगी,

(iv) जांच–सह–चयन समिति की बैठक की प्रक्रियाएं गोपनीय होंगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार अनुज्ञात नही किया जाएगा,

(v) यदि राज्य सरकार, आयुक्त, दिव्यांगजन के पद के लिये किसी भी व्यक्ति को उपयुक्त नही पाती है, तो चयन प्रक्रिया पुनः दोहराई जाएगी,

(3) समिति द्वारा अनुशंसित किये गए पैनल में उन व्यक्तियों में से जिन्होंने उपनियम (1) में वर्णित विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन किया हो तथा अन्य पात्र व्यक्ति जिन्हें समिति समुचित समझे सम्मिलित हो सकते हैं,

(4) राज्य शासन जांच–सह–चयन समिति द्वारा अनुशंसित किए गए किसी एक अभ्यर्थी को आयुक्त, दिव्यांगजन नियुक्त करेगी,

83. **आयुक्त की पदावधि** :–

(1) आयुक्त की पदावधि, उस दिनांक से जिसको वह पद धारण करता है से 03 वर्ष या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पूर्वत्तर हो, होगी,

(2) आयुक्त की पदावधि 03 वर्ष की होगी और उसका एक बार अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा या जब तक कि वह 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता है,

84. **आयुक्त के वेतन और भत्ते** :– अधिनियम की धारा 79 की उप धारा (3) के अधीन राज्य शासन आयुक्त, दिव्यांगजन के वेतन और भत्ते का निर्धारण निम्नानुसार करेंगे –

(1) आयुक्त ऐसे वेतन और भत्तों के लिए हकदार होगा, जो प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को अनुज्ञेय है,

(2) जहां आयुक्त कोई सेवानिवृत्त शासकीय सेवक या शासन द्वारा वित्त पोषित किसी संस्था या स्वायत्त निकाय का सेवानिवृत्त अधिकारी है और जो ऐसी पूर्व सेवा की बाबत् पेंशन प्राप्त कर रहा है वहां उसे इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय वेतन में से पेंशन की रकम को घटा दिया जाएगा, और यदि उसनें पेंशन के किसी भाग के बदले उसका सारांशित मूल्य प्राप्त किया है, वहां पेंशन के ऐसे सारांशित भाग की रकम को भी वेतन में से घटा दिया जाएगा,

85. **आयुक्त की सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें** :–

(1) आयुक्त ऐसे अवकाश के लिए हकदार होंगे, जो राज्य सरकार के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय है,

(2) आयुक्त ऐसे अवकाश यात्रा छूट का अधिकारी होगा, जो राज्य सरकार के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय है,

(3) आयुक्त ऐसे चिकित्सीय लाभ के लिए हकदार होंगे, जो राज्य सरकार के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय है,

86. **त्यागपत्र और पद से हटाया जाना** :–

(1) आयुक्त, अपने हस्ताक्षर के अधीन प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को संबोधित एक लिखित सूचना देकर अपने पद से त्यागपत्र दे सकेंगें,

(2) राज्य शासन किसी व्यक्ति को, उसके (आयुक्त) सुनवाई का अवसर देते हुए पद से हटा सकेगा, यदि वह–

(i) अनुन्मोचित दिवालिया हो जाता है,

(ii) अपने कार्यकाल के दौरान किसी संदाययुक्त नियोजन में लगता है या उसके कार्यकाल के कर्तव्यों से परे कोई क्रियाकलाप करता है,

(iii) किसी ऐसे अपराध के लिए दोष सिद्ध ठहराया जाता है या कारावास से दंडादिष्ट किया जाता है, जिसमें राज्य शासन की राय में नैतिक अधमता या हिंसा अंतर्वलित है,

(iv) राज्य शासन की सलाह में, मस्तिष्क या शरीर के अंग–शैथिल्य के कारण या अधिनियम में यथा अधिकथित उसके कृत्यों के निष्पादन में गंभीर व्यतिक्रम के कारण पद पर बने रहने के लिए उपयुक्त नहीं है,

(v) राज्य शासन की अनुपस्थिति की अनुमति अभिप्राप्त किये बिना 01 माह या अधिक की अनुक्रमिक अवधि के लिए कार्य से अनुपस्थित रहता है,

(vi) राज्य शासन की सलाह में आयुक्त के पद का इस प्रकार दुरूपयोग करता है कि उसका पद पर बने रहना दिव्यांग व्यक्तियों के हित के विपरित है।

87. **आयुक्त, दिव्यांगजन को हटाये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी** :– प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग, आयुक्त, दिव्यांगजन को उसकी पदावधि समाप्त होने के पूर्व पद से हटाये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी होगा,

88. **आयुक्त, दिव्यांगजन का रिक्ति पद** :– आयुक्त, दिव्यांगजन का पद रिक्त होने की दशा में, प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग प्रभारी आयुक्त, दिव्यांगजन होंगे,

89. **आयुक्त, दिव्यांगजन के कार्यालय हेतु कर्मचारीवृंद** :– अधिनियम की धारा 79 की उप धारा (4) के अधीन राज्य शासन आयुक्त, दिव्यांगजन के द्वारा संपादित किए जाने वाले कृत्यों के निर्वहन में सहायता के लिए निम्नानुसार मानव संसाधन उपलब्ध कराएंगे –

(1) आयुक्त, दिव्यांगजन के कार्यालय हेतु आवश्यक कर्मचारीवृंद उपलब्ध कराए जाएंगे,

(2) कर्मचारीवृंद आयुक्त, दिव्यांगजन के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होंगे,

90. **आयुक्त की सहायता के लिए सलाहकार समिति** :–

(1) अधिनियम की धारा 79 की उपधारा (7) के अधीन प्राप्त शक्तियों के आधार पर दिव्यांगजन के लिए आयुक्त, दिव्यांगजन छत्तीसगढ़ की सलाहकार समिति का गठन किया जाता है, सलाहकार समिति के गठन का स्वरूप निम्नलिखित अनुसार होगा, अर्थात् :–

(i) अधिनियम की अनुसूची में उल्लिखित विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं के 05 समूहों में से प्रत्येक का प्रतिनिधित्व करने के लिए 05 विशेषज्ञ, जिनमें 02 महिलाएं होंगी,

(ii) अवरोध मुक्त वातावरण के क्षेत्र में निम्नानुसार नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले तीन विशेषज्ञ :–

(क) भौतिक वातावरण में एक विशेषज्ञ,

(ख) परिवहन प्रणालियों में एक विशेषज्ञ,

(ग) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी या अन्य सेवाएं या जनता को उपलब्ध कराई जाने वाली प्रसुविधाओं के क्षेत्र में से एक विशेषज्ञ,

(iii) दिव्यांगजन के नियोजन के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ,

(iv) एक विधिक विशेषज्ञ,

(v) दिव्यांगजन के लिए आयुक्त द्वारा अनुशंसित एवं विशेषज्ञ,

(2) आयुक्त, आवश्यकता के अनुसार विषय–वस्तु या डोमेन विशेषज्ञ को आमंत्रित कर सकेगा, जो उसकी बैठक या सुनवाई में और प्रतिवेदन तैयार करने में सहायता करेगा,

(3) सलाहकार समिति के सदस्यों की पदावधि 03 वर्ष होगी और सदस्य पुनः एक बार नाम निर्देशन के पात्र होंगे,

(4) आयुक्त की सलाहकार समिति के अशासकीय सदस्यों को बैठक के वास्तविक प्रत्येक दिन के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित 'वित्त–निर्देश'' अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के पात्र होंगे,

(5) समिति के गैर–पदेन सदस्यों को, जो नवा रायपुर/रायपुर में निवास नही कर रहे है, वास्तविक यात्रा व्यय, जो राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारी को अनुज्ञेय है,

(6) शासकीय सदस्यों को दैनिक भत्ते और यात्रा भत्ते का संदाय संबंधित विभाग जिसके अधीन यह कार्य कर रहा है, के सुसंगत नियमों के अधीन इस निमित्त एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कि उसने किसी अन्य शासकीय स्त्रोत से उसी यात्रा और ठहराव के लिए कोई ऐसा भत्ता आहरित नहीं किया है, किया जाएगा,

(7) समिति के अशासकीय सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते की राशि का भुगतान शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश अनुसार किया जावेगा, जब तक निर्देश न जारी हो, यह भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि से कियां जावेगा,

91. **आयुक्त द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रकिया** :– अधिनियम की धारा 80 के अधीन राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के द्वारा अनुसरित किए जाने वाले कृत्य होंगे –

(1) व्यथित व्यक्ति, स्वतः संज्ञान या स्वप्रेरणा या शासन द्वारा प्रेषित निम्नलिखित विशिष्टियों को अंतर्विष्ट करने वाला कोई परिवाद वैयक्तिक रूप से या अपने किसी अभिकर्ता के माध्यम से आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा या उसे आयुक्त को संबोधित करते हुए स्पीड/पंजीकृत डाक या ई–मेल द्वारा भेजेगा, अर्थात् :–

(i) व्यथित व्यक्ति का नाम, वर्णन और पता,

(ii) यथास्थिति, विरोधी पक्षकार या पक्षकारों का नाम, वर्णन और पता, जहां तक उन्हे अभिनिश्चित किया जा सकेगा,

(iii) परिवाद से संबधित तथ्य और वह कब और कहां उदभूत हुआ,

(iv) परिवाद में अंतर्विष्ट अभिकथनों के समर्थन में अभिलेख,

(v) वह अनुतोष, जिसके लिए व्यथित व्यक्ति दावा करता है,

(2) आयुक्त किसी परिवाद की प्राप्ति पर, परिवाद में उल्लिखित विरोधी पक्षकार या पक्षकारों को यह निर्देश देते हुए परिवाद की एक प्रति निर्दिष्ट करेगा कि वे 30 दिवस अथवा आयुक्त द्वारा मंजूर की जाने वाली 15 दिवस से अनधिक की विस्तारित अवधि के भीतर प्रकरण में अपना पहलू प्रस्तुत करें,

(3) सुनवाई के दिनांक या ऐसे अन्य दिनांक को जिसको सुनवाई स्थगित की जा सकती है, पक्षकार या उनके अभिकर्ता आयुक्त के समक्ष उपसंजात होंगे,

(4) जहां परिवादी या उसका अभिकर्ता ऐसे दिनांक को आयुक्त के समक्ष उपसंजात होने में असफल रहता है, वहां आयुक्त व्यतिक्रम पर परिवाद को अमान्य कर सकेगा या गुण–दोष के आधार पर उसका विनिश्चय कर सकेगा,

(5) जहां विरोधी पक्षकार या उसका अभिकर्ता सुनवाई के दिनांक को आयुक्त के समक्ष उपसंजात होने में असफल रहता है, वहां आयुक्त अधिनियम की धारा 82 के अधीन ऐसी आवश्यक कार्यवाही कर सकेगा, जिसे वह विरोधी पक्षकार को समन करने और उसे उपस्थित करने के लिए आवश्यक समझता है,

(6) आयुक्त, यदि आवश्यक हो तो परिवाद को एकपक्षीय रूप से निराकरण कर सकेगा,

(7) आयुक्त ऐसे निबंधनो पर जिन्हें वह उचित समझे और कार्यवाहियों के किसी भी उपक्रम पर परिवाद की सुनवाई को स्थगित कर सकेगा,

(8) आयुक्त यथासंभव रूप से, विरोधी पक्षकार द्वारा सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 03 माह की अवधि के भीतर परिवाद का विनिश्चय करेगा,

92. **वार्षिक रिपोर्ट का प्रस्तुत किया जाना** :–

(1) अधिनियम की धारा 83 की उप धारा (1) के अधीन आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा वित्तीय वर्ष के समाप्ति पश्चात् राज्य सरकार को वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करेगा जिसमें उक्त वित्तीय वर्ष के दौरान क्रियाकलापों का सही और पूर्ण विवरण होगा,

(2) अधिनियम की धारा 83 की उप धारा (2) के प्रावधान अनुसार वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा के पटल पर भार साधक मंत्री के अभिप्रमाणन पश्चात् रखा जाएगा,

(3) वार्षिक रिपोर्ट में निम्नलिखित विषयों में से प्रत्येक के संबंध में सूचना अंतर्विष्ट होगी, अर्थात् :–

(i) आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम और संगठनात्मक स्थापन प्रदर्शित करने वाला एक चार्ट,

(ii) अधिनियम की धारा 80 और 82 के अधीन कृत्य, जो आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा निर्वहन करने के लिये सशक्त होंगे और इस संबंध में अन्य महत्वपूर्ण विषयों का निष्पादन,

(iii) आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा प्राप्त एवं निराकृत प्रकरणों की संख्या और की गई मुख्य अनुसंशायें,

(iv) अधिनियम के उपबंधों के क्रियान्वयन के पश्चात् राज्य में की गई प्रगति,

(v) आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा सम्मिलित किए गए किसी अन्य विषय और राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किए गए विषय से संबंधित जानकारी,

अध्याय 13
विशेष न्यायालय

93. **विशेष न्यायालय** :– दिव्यांगजन को न्यायालयीन प्रकरणों में त्वरित विचारण प्रदान करने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ की सहमति से अधिसूचना द्वारा प्रत्येक जिले में एक न्यायालय को इस अधिनियम की धारा 84 के अधीन अपराधों के विचारण के लिए **विशेष न्यायालय** के रूप में निर्दिष्ट किया जाए। नियम *93* में प्रावधानित कार्यवाही के लिए विधि एवं विधायी कार्य विभाग नोडल विभाग होगा,

94. **विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति** :–

अधिनियम की धारा 85 की उप धारा (1) के अधीन विशेष लोक अभियोजक प्रत्येक विशेष न्यायालय के लिए छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा निम्नानुसार नियुक्त किए जाएंगे –

(i) जिसे दिव्यांगजन के प्रकरणों को निराकरण का व्यवहारिक अनुभव हो,

(ii) जिनके पास न्यायालय में वकालत का सात वर्षों से अन्यून का अनुभव हो,

(iii) जिनके पास स्थानीय भाषा एवं रीति–रिवाजों का ज्ञान हो,

95. **लोक अभियोजन के शुल्क और अन्य भुगतान** :– अधिनियम की धारा 85 की उप धारा (2) के अधीन विनिर्दिष्ट विशेष लोक अभियोजक ऐसी फीस या पारिश्रमिक प्राप्त करने के हकदार होंगे जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त लोक अभियोजक को सत्र न्यायालय के समक्ष प्रकरण के संचालन करने हेतु अनुज्ञेय है,

अध्याय 14
दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि

96. राज्य निधि का प्रबंधन :–

अधिनियम की धारा 88 की उपधारा (1) के अधीन दिव्यांगजन के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु राज्य निधि नामक एक **राज्य कोष** का गठन किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित को सम्मिलित किया जाएगा :–

(i) अनुदान के माध्यम से राज्य शासन से अनुदान प्राप्त कर सकेगा इसके अतिरिक्त दान, अनुदान चंदा, आर्थिक सहायता शुल्क, किराया, विज्ञापन एवं अन्य प्रकार के आयोजनों से भी निधियों की व्यवस्था कर सकेगा,

(ii) छत्तीसगढ़ निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता अधिनियम 1970 यथा संशोधित 2010 अन्तर्गत संधारित निराश्रित निधि के अधीन जिलों में संग्रहित निराश्रित निधि की राशि का प्रतिवर्ष 05 प्रतिशत तथा राज्य निराश्रित निधि का 10 प्रतिशत प्रभाजन कर निक्षेप किया जाएगा,

(iii) छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित केन्द्र/राज्य शासन के शासकीय एवं निजी उपक्रमों के अधीन गठित निर्गमित सामाजिक दायित्व (C.S.R.) अन्तर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में संग्रहित राशि का 05 प्रतिशत प्रभाजन कर निक्षेप किया जाएगा,

(iv) खनिज साधन विभाग (DME) अन्तर्गत राज्य के खनिज खनन् से प्राप्त रॉयल्टी की संग्रहित राशि का 05 प्रतिशत प्रभाजन कर निक्षेप किया जाएगा,

(v) छत्तीसगढ़ राज्य में रेडक्रास समिति अन्तर्गत जिलों में संग्रहित राशि का प्रतिवर्ष 05 प्रतिशत तथा राज्य रेडक्रास समिति का 10 प्रतिशत प्रभाजन कर निक्षेप किया जाएगा,

(vi) निधि से सम्बन्धित सभी राशि को ऐसे बैंकों में जमा किया जाएगा या उनका ऐसी रीति में विनिधान किया जाएगा, जैसा कि शासी निकाय द्वारा राज्य शासन के साधारण मार्गदर्शक सिद्धांतों के अधीन रहते हुए विनिश्चय किया जाए,

97. राज्य निधि की प्रबंधन समिति :–

(1) अधिनियम की धारा 88 की उपधारा (1) के अधीन प्राप्त शक्तियों के आधार पर दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि का प्रबंध करने के लिए एक शासी निकाय होगा, राज्य निधि की प्रबंधन समिति के गठन का स्वरूप निम्नानुसार होगा :–

(i)	प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग,	– अध्यक्ष
(ii)	प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग	– सदस्य
(iii)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़	– सदस्य–सचिव
(iv)	विभिन्न दिव्यांगजन का प्रतिनिधित्व हेतु संबंधित दिव्यांगता के दो व्यक्ति/संस्था जो चक्रानुक्रम से समिति में नामांकित होंगे (राज्य शासन द्वारा)	– सदस्य

(2) समिति की बैठकें समय–समय पर प्रायः आवश्यकतानुसार होगी, परन्तु प्रत्येक 06 माह में कम से कम एक बार बैठक होना अनिवार्य है,

(3) नाम निर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों की पदावधि नामांकन आदेश दिनांक से 03 वर्ष की होगी और नाम निर्दिष्ट सदस्य एक और पदावधि के लिए पुनः नाम निर्देशन के लिए पात्र होंगे,

(4) राज्य शासन यदि ठीक समझे तो किसी नाम निर्देशित अशासकीय सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसे उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात हटा सकेंगे,

(5) समिति का कोई भी सदस्य ऐसी सदस्यता धारित करने के दौरान निधि का लाभार्थी नहीं होगा,

(6) नामनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ता की पात्रता होगी जैसा कि राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भाग लेने के लिये सदस्यों को अनुज्ञेय है,

(7) किसी भी व्यक्ति को प्रबंधन समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट नहीं किया जाएगा, यदि वह–

(i) किसी ऐसे अपराध के लिए दोष सिद्ध ठहराया जाता है या गया है जिसमें राज्य शासन की राय में नैतिक अधमता अंतर्वलित है,

(ii) किसी भी समय दिवालिया के रूप में अधिनिर्णित किया जाता है या किया गया है,

98. **निधि का उपयोग** :– अधिनियम की धारा 83 की उप धारा (2) के प्रावधान अनुसार, राज्य निधि का उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिये किया जाएगा, अर्थात् :–

(1) ऐसे क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान करने, जो विनिर्दिष्ट रूप से केन्द्र/राज्य शासन की किसी योजना और कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं आते है या पर्याप्त रूप में केन्द्र/राज्य शासन की किसी योजना या कार्यक्रम के अधीन वित्त पोषित नहीं है,

(2) छत्तीसगढ़ निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता नियम 1999, के अंतर्गत संधारित निराश्रित निधि के उपयोग हेतु दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ प्रावधानित प्रयोजनों में किया जा सकेगा,

(3) इस अधिनियम के अधीन गठित बोर्ड, समिति के अशासकीय सदस्यों को मानदेय/यात्रा व्यय का भुगतान,

(4) ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए, जैसा कि राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा संस्तुत कार्य,

(5) प्रत्येक प्रयोजन हेतु आयुक्त/संचालक समाज कल्याण अधिकतम रूपये 10 लाख तक व्यय कर सकेगा। इससे अधिक की स्वीकृति हेतु छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग से अनुमोदन पश्चात् उपगत किया जा सकेगा,

(6) समिति ऐसी निबंधनों और शर्तों के साथ लेखापाल सहित कर्मचारीवृंद की नियुक्ति कर सकेगी जैसा कि राज्य निधि के प्रबंधन और उपयोग की देखभाल करने के लिये उसे समीचीन प्रतीत हो,

99. **बजट** :–

(1) दिव्यांगजन की राज्य निधि में प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा सूचीबद्ध और चिन्हित बैंक में रखा जावेगा,

(2) राज्य निधि का बैंक से आहरण आयुक्त/संचालक, समाज कल्याण संचालनालय के अनुमोदन से द्वि–हस्ताक्षर प्रणाली के अधीन होगा,

(3) राज्य निधि के वित्तीय लेखाओं का अंकेक्षण प्रशासकीय विभाग द्वारा अधिकृत चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट से प्रतिवर्ष कराया जाएगा। एक ही चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट द्वारा लगातार तीन बार न हो,

परन्तु विभाग द्वारा राज्य निधि के वित्तीय लेखों के अंकेक्षण हेतु अन्य संस्था का मनोनयन भी प्रबंधन समिति के अनुमोदन से किया जा सकेगा,

(4) राज्य निधि का संचालनालय द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अपने लेखाओं का अंकेक्षण चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट से कराकर वित्तीय वर्ष में प्राप्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र के साथ उपरोक्त अंकेक्षण प्रतिवेदन छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को वांछित अनुसार प्रस्तुत करेगा,

(5) प्रशासकीय विभाग द्वारा कभी भी राज्य निधि के लेखों का हिसाब–किताब मांगा जा सकता है, जिसे प्रस्तुत करने के लिए संचालनालय, समाज कल्याण बाध्य होगा,

100. **प्रशासकीय/वार्षिक प्रतिवेदन** :–

(1) छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग अपने विभागीय वार्षिक/प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि एक अध्याय सम्मिलित किया जाएगा,

(2) राज्य शासन के समस्त विभाग अन्तर्गत संचालित योजना/कार्यक्रमों द्वारा वित्तीय वर्ष में प्राप्त आबंटन (योजना/मदवार) से कुल लाभान्वित हितग्राहियों में से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय (व्यय) और भौतिक उपलब्धि की संख्यात्मक जानकारी प्रतिशत सहित उल्लेख किया जाएगा,

101. **निरसन तथा व्यावृत्ति** :– दिव्यांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार और पूर्ण भागीदारी) नियम, 1997 एतद् द्वारा निरसित किया जाता है,

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन की गई कोई भी बात या की गई कोई भी कार्यवाही, जब कि ऐसी बात या कार्यवाही इन नियमों के किन्हीं उपबंधों से असंगत न हो, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई बात या की गई कार्यवाही समझी जाएगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. टोप्पो, सचिव.

कार्यालय का नाम .....

जिला.....(छत्तीसगढ़)

प्रारूप–1

(नियोक्ता द्वारा विवरणी)

(देखिए नियम 30 (1))

1. 31 मार्च 20..... को समाप्त अर्द्ध वर्ष के लिए विशेष रोजगार एक्सचेंज को प्रस्तुत की जाने वाली 06 मासिक विवरणी।
2. नियोक्ता नाम और पता .....
3. मुख्यालय .....
4. शाखा कार्यालय .....
5. कार्यवाही/मुख्य कार्यकलाप की प्रकृति .....

1 (क) रोजगार

शासकीय स्थापन/संस्था के पे–रोल पर व्यक्तियों की कुल संख्या, जिसके अन्तर्गत प्रोपाइटर/भागीदार/कमीशन अभिकर्ता/आकस्मिक संदत्त और ठेका श्रमिक है, किन्तु जिसमें अंशकालिक कर्मकार और प्रशिक्षु नहीं है। (इन आकंडों में ऐसा प्रत्येक व्यक्ति शामिल होना चाहिए, जिसकी मजदूरी या वेतन का संदाय शासकीय स्थापन/संस्था द्वारा किया जाता है)।

प्रथम अर्द्ध वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को				
अंधता और निम्न दृश्यता	बधिर और जिन्हें सुनने में कठिनाई होती है	चलन दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत प्रमस्तिष्क, घात, उपचार पश्चात कुष्ठ मुक्त, बौनापन, अम्ल हमले के पीड़ित और पेशीय दुर्विकास है	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने में विशिष्ट दिव्यांगता और मानसिक रोग	स्तंभ (1) से (4) के अधीन दिव्यांगताओं से युक्त व्यक्तियों में से बहु दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत बधिर–अंधता है
1	2	3	4	5

प्रतिवेदन के अधीन अंतिम अर्द्ध वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को				
अंधता और निम्न दृश्यता	बधिर और जिन्हें सुनने में कठिनाई होती है	चलन दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत प्रमस्तिष्क, घात, उपचार पश्चात कुष्ठ मुक्त, बौनापन, अम्ल हमले के पीड़ित और पेशीय दुर्विकास है	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने में विशिष्ट दिव्यांगता और मानसिक रोग	स्तंभ (1) से (4) के अधीन दिव्यांगताओं से युक्त व्यक्तियों में से बहु दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत बधिर–अंधता है।
1	2	3	4	5

1. दिव्यांगताग्रस्त पुरूष .....
2. दिव्यांगताग्रस्त महिला .....
3. दिव्यांगताग्रस्त तृतीय लिंग .....

योग .....

(क) यदि छः माह के दौरान वृद्धि या कमी 06 प्रतिशत से अधिक है तो रोजगार मे कमी या वृद्धि के मुख्य कारणो को उपदर्शित करें।

2. रिक्तियां :– रिक्तियां, जिनकी कुल परिलब्धियां प्रतिमास विद्यमान न्यूनतम मजदूरी के अनुसार है और जो 06 माह की अवधि से अधिक है।

(क) छः माह के दौरान उदभूत और अधिसूचित रिक्तियों की संख्या तथा इस दौरान भरी गई रिक्तियों की संख्या (दिव्यांगजन पुरूष और महिलाओं के लिए पृथक् आंकडे दिए जाए)

उद्भूत	अधिसूचित	भरी गई	स्त्रोत
1	*2*	*3*	*4*

(उस स्त्रोत का वर्णन करें, जिसमें भरी गई है)

स्थानीय/विशेष रोजगार एक्सचेंज	साधारण रोजगार एक्सचेंज
1	*2*

(ख) 2 (क) द्वारा रिपोर्ट के अधीन छः माह के दौरान उदभूत सभी रिक्तियों को अधिसूचित न करने के कारण .....

3. **जनशक्ति की कमी** :–

उपयुक्त आवेदकों की कमी के कारण रिक्तियां/भरे नहीं गए पद .....

व्यवसाय या पद का नाम .....

भरी न गई रिक्तियां/पद (दिव्यांगता अनुसार) .....

अनिवार्य अर्हता	अनिवार्य अनुभव	अनुभव आवश्यक नहीं
1	2	3

कृपया किसी अन्य व्यवसाय को सूचीबद्ध करें, जिसके लिए शासकीय स्थापन/संस्था ने उपयुक्त आवेदकों को अभिप्राप्त करने में कठिनाई अनुभव की है।

नियोक्ता के हस्ताक्षर

तारीख .....

सेवा में,

रोजगार एक्सचेंज

.....

.....

.....

टिप्पणी : यह विवरणीय 31 मार्च और 30 सितम्बर को समाप्त हुए छः माह के लिए है और इसे सम्बन्धित छमाही के अंत के पश्चात् 30 दिवस के भीतर विशेष रोजगार एक्सचेंज को भेज दिया जाएगा।

कार्यालय का नाम .....
जिला.....(छत्तीसगढ़)

प्रारूप–2
(दिव्यांगजन नियोक्ता की विवरणी)
(देखिए नियम 30 (1))

स्थानीय विशेष रोजगार एक्सचेंज को दो वर्षो में एक बार प्रस्तुत की जाने वाली व्यवसाय विवरणी

1. नियोक्ता का नाम और पता .....
2. कार्यवाही की प्रकृति .....

(कृपया वर्णन करें कि सरकारी स्थापन क्या निर्मित करता है या उसका प्रधान कार्यकलाप क्या है)

1. सरकारी स्थापन के पे–रोल पर ..... विनिर्दिष्ट तारीख को व्यक्तियों की कुल संख्या (इन आंकड़ों में ऐसा प्रत्येक व्यक्ति शामिल होना चाहिए, जिसकी मजदूरी या वेतन का संदाय सरकारी स्थापन द्वारा किया जाता है (दिव्यांगजन पुरूषों, महिलाओं एवं तृतीय लिंग के लिए पृथक आंकड़े दिए जाएं।
2. ऊपर मद 1 में दिए गए सभी कर्मचारियों के व्यवसाय का वर्गीकरण (कृपया प्रत्येक व्यवसाय में कर्मचारियों की संख्या नीचे पृथकत : दें।

व्यवसाय ..... कर्मचारी की संख्या .....

सटिक अभिव्यक्ति का उपयोग	दिव्यांगजन पुरूष	दिव्यांगजन महिला	दिव्यांगजन तृतीय लिंग	योग
1	2	3	4	5

